रविवार, 14 सितम्बर 2025

मौसम

तापमान 26 – 32
आर्द्रता 82%
सूर्योदय: 5:23 सूर्यास्त: 17:43

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा




एशिया कप: आज भारत-पाकिस्तान मुकाबले में भारत का पलड़ा भारी, लेकिन उत्साह फीका पृष्ठ 8

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, आश्विन कृष्णपक्ष अष्टमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 4.00 रुपये

सुविचार : अच्छे और सच्चे लोग बुरे वक्त में भी अच्छे और सच्चे होते हैं।

# ‘वोट बैंक’ की राजनीति के कारण पूर्वोत्तर को भारी नुकसान उठाना पड़ा: प्रधानमंत्री मोदी

**आइजोल :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि पूर्वोत्तर को ‘वोट बैंक’ की राजनीति के कारण पहले भारी नुकसान उठाना पड़ा, लेकिन केंद्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार के प्रयासों से क्षेत्र अब देश के विकास के इंजन में तब्दील हो रहा है। साल 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद दूसरी बार मिजोरम पहुंचे मोदी ने 9,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की शुरुआत की और आइजोल के पास लेंगपुई हवाई अड्डे से एक जनसभा को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित किया, क्योंकि भारी बारिश के कारण वह शहर के बीचोंबीच स्थित कार्यक्रम स्थल लामुआल मैदान नहीं जा पाए। मोदी ने आइजोल और दिल्ली के बीच पहली राजधानी एक्सप्रेस को भी हरी झंडी दिखाई। उन्होंने रेल, राजमार्ग, ऊर्जा और खेल अवसंरचना को बढ़ावा देने वाली विभिन्न परियोजनाओं का भी उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने कहा, हमारे देश में कुछ राजनीतिक दल लंबे समय से ‘वोट बैंक’ की राजनीति करते आए हैं। उनका ध्यान हमेशा उन जगहों पर रहा, जहां ज्यादा वोट और सीट थीं।



मिजोरम सहित पूरे पूर्वोत्तर को इस रवैये के कारण बहुत नुकसान उठाना पड़ा है। उन्होंने कहा, लेकिन हमारा नजरिया बिल्कुल अलग है। जो पहले उपेक्षित थे, वे अब सबसे आगे हैं। जो पहले हाशिये पर थे, वे अब मुख्यधारा में हैं। हम पिछले 11 वर्षों से पूर्वोत्तर के विकास के लिए काम कर रहे हैं और यह क्षेत्र भारत के विकास का इंजन बन रहा है। मोदी ने कहा, चाहे आजादी का आंदोलन हो या राष्ट्र निर्माण, मिजोरम के लोग हमेशा योगदान देने के लिए आगे आते रहे हैं। आज यह राज्य भारत की विकास यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने पूर्वोत्तर में चौतरफा कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने की दिशा में काम किया है-चाहे वह इंटरनेट हो, बिजली हो, बुनियादी ढांचा हो या हवाई कनेक्टिविटी हो। प्रधानमंत्री ने कहा, मिजोरम को ‘उड़ान’ योजना का भी लाभ मिलेगा। जल्द ही यहां हेलीकॉप्टर सेवाएं शुरू की जाएंगी। इससे राज्य के दूरदराज के इलाकों तक पहुंच में सुधार होगा। ///////////

## मोदी ने मिजोरम की पहली रेल लाइन का उद्घाटन किया, राज्य की पहली राजधानी एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को मिजोरम की पहली रेल लाइन का उद्घाटन किया और आइजोल को दिल्ली से जोड़ने वाली राज्य की पहली राजधानी एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई। लगभग 8,070 करोड़ रुपये की बैराबी-सैरंग रेल लाइन को भारतीय रेल के इतिहास में सबसे चुनौतीपूर्ण माना जाता है। परियोजना को मंजूरी साल 2008-09 में मिली थी और इसका निर्माण 2015 में शुरू हुआ था। इस रेल लाइन में 45 सुरंग, 55 बड़े पुल और 87 छोटे पुल हैं। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि सैरंग के पास स्थित पुल 114 मीटर ऊंचा है और इसकी ऊंचाई कुतुब मीनार से भी ज्यादा है। अधिकारी ने बताया कि यह देश का खंभे वाला सबसे ऊंचा पुल है। इस रेल मार्ग में पांच सड़क ओवरब्रिज और छह अंडरपास भी हैं। इस रेल मार्ग पर बैराबी के अलावा चार मुख्य स्टेशन- होरटोकी, कावनपुई, मुआलखांग और सैरंग पड़ते हैं। मिजोरम और देश के बाकी हिस्सों के बीच सीधे रेल संपर्क से क्षेत्र के लोगों को सुरक्षित, कुशल व किफायती यात्रा विकल्प मिलेगा। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर तीन नयी एक्सप्रेस ट्रेन - सैरंग (आइजोल)-दिल्ली (आनंद विहार टर्मिनल) राजधानी एक्सप्रेस, सैरंग-गुवाहाटी एक्सप्रेस और सैरंग-कोलकाता एक्सप्रेस को भी हरी झंडी दिखाई। उन्होंने रेलवे, सड़क मार्ग, ऊर्जा, खेल आदि समेत विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी कई परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी।

# आज पीएम मोदी बंगाल के दो दिवसीय दौरे पर आएंगे

### कल सशस्त्र बलों के सम्मेलन का करेंगे उद्घाटन

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 14 सितंबर से पश्चिम बंगाल का दो दिवसीय दौरा करेंगे और इस दौरान वह कोलकाता में सशस्त्र बलों के संयुक्त कमांडर सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक महीने से भी कम समय में प्रधानमंत्री का कोलकाता का यह दूसरा दौरा होगा। अधिकारियों ने बताया कि 15 से 17 सितंबर तक आयोजित होने वाले इस सम्मेलन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान और रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह तथा कई अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे। मोदी असम के जोरहाट से रविवार शाम कोलकाता पहुंचेंगे और यहां राजभवन में रात्रि विश्राम करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री 15 सितंबर की सुबह भारतीय सेना के पूर्वी कमान के मुख्यालय विजय दुर्ग (पूर्व में फोर्ट विलियम) में संयुक्त कमांडर सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। संयुक्त कमांडर सम्मेलन (सीसीसी) सशस्त्र बलों का सर्वोच्च विचार-मंथन मंच है जो देश के शीर्ष नागरिक नेतृत्व और सैन्य नेतृत्व को वैचारिक एवं रणनीतिक स्तरों पर विचारों का आदान-प्रदान करने के लिए एक साथ लाता है। अधिकारियों ने बताया कि इस सम्मेलन में सशस्त्र बलों में सुधारों, परिवर्तन और संचालन संबंधित तैयारियों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री सोमवार दोपहर कोलकाता से बिहार के पूर्णिया के लिए रवाना होंगे।

## आयकर विभाग: अब तक दाखिल हुए 6 करोड़ से अधिक रिटर्न

**नयी दिल्ली :** आयकर विभाग ने शनिवार को कहा कि आकलन वर्ष 2025-26 के लिए अब तक छह करोड़ से अधिक आयकर रिटर्न दाखिल किए जा चुके हैं। बिना जुर्माने के आईटीआर दाखिल करने की अंतिम तिथि 15 सितंबर है। करदाताओं और कर पेशेवरों को धन्यवाद, जिन्होंने हमें अब तक छह करोड़ आयकर रिटर्न तक पहुंचने में मदद की है और यह संख्या अभी भी जारी है। विभाग ने उन करदाताओं से भी जल्द से जल्द आईटीआर दाखिल करने का आग्रह किया है जिन्होंने आकलन वर्ष 2025-26 के लिए अभी तक आईटीआर फाइल नहीं किया है।

## कोलकाता में 26 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ के साथ 10 गिरफ्तार


**कोलकाता, समाज्ञा :** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने कोलकाता में एक बड़े मादक पदार्थ तस्करी रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए लगभग 26 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किए और गिरोह के मास्टरमाइंड समेत 10 लोगों को गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि कुल मिलाकर 32.466 किलोग्राम गांजा, 22.027 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक वीड, 345 ग्राम कोकीन और नकदी जब्त की गई है। मास्टरमाइंड के आवासीय परिसर में भारी मात्रा में हाइड्रोपोनिक वीड, भांग और कोकीन बरामद किया गया। दूसरे आवासीय परिसर में, जिसे मास्टरमाइंड ने किराए पर लिया था और संचालित करता था, भारी मात्रा में भांग ‘पैक और वितरण के लिए तैयार’ अवस्था में पाई गई। नकदी के अलावा, 32.466 किलोग्राम भांग (गांजा), 22.027 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक वीड और 345 ग्राम कोकीन जब्त की गई। सभी जब्तियां और गिरफ्तारियां स्वापक औषधि एवं मन:प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम, 1985 के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत की गईं।

## पाकिस्तान इस बात को झुठला नहीं सकता कि लादेन उसकी जमीन पर मारा गया: इजराइल

**संयुक्त राष्ट्र :** इजराइल ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पाकिस्तान पर ‘दोहरे मानदंड’ अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि इस्लामाबाद इस बात को झुठला नहीं सकता कि अलकायदा प्रमुख ओसामा बिन लादेन को उसने ही अपनी सरजमीं पर पनाह दी और वह वहीं मारा गया। संयुक्त राष्ट्र में इजराइल के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत डैनी डैनन ने पाकिस्तान के राजदूत असीम इफ्तिखार अहमद की ओर इशारा करते हुए कहा, जब बिन लादेन को पाकिस्तान में मार गिराया गया था, तब यह सवाल नहीं पूछा गया था कि विदेशी धरती पर एक आतंकवादी को क्यों निशाना बनाया गया?

# नेपाल में काठमांडू घाटी और अन्य हिस्सों से कर्फ्यू हटा, जनजीवन हो रहा सामान्य

### नेपाल में संसदीय चुनाव अगले साल 5 मार्च को होगा: राष्ट्रपति कार्यालय



**काठमांडू :** नेपाल में काठमांडू घाटी और अन्य हिस्सों में लगाए गए कर्फ्यू व प्रतिबंधात्मक आदेशों को शनिवार को हटा लिया गया, जिसके बाद दैनिक जीवन धीरे-धीरे सामान्य हो रहा है। नेपाली सेना के एक प्रवक्ता ने कहा कि शनिवार को कोई प्रतिबंधात्मक आदेश या कर्फ्यू लागू नहीं है। कई दिन तक बंद रहने के बाद दुकानें, किराना स्टोर, सब्जी बाजार और शॉपिंग मॉल फिर से खुल गए तथा सड़कों पर आवाजाही फिर से शुरू हो गई। कई जगहों पर सफाई अभियान चलाया गया, जिनमें प्रमुख सरकारी इमारतें भी शामिल हैं।

## नेपाल में सुशीला कार्की का प्रधानमंत्री बनना महिला सशक्तीकरण का शानदार उदाहरण: मोदी

**इंफाल :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को नेपाल की अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की को पदभार संभालने पर बधाई दी और उनकी नियुक्ति को ‘‘महिला सशक्तीकरण का एक शानदार उदाहरण’’ बताया। मणिपुर की राजधानी इंफाल में एक जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि भारत और नेपाल साझा इतिहास, आस्था और सांस्कृतिक संबंधों से जुड़े घनिष्ठ मित्र रहे हैं तथा नयी दिल्ली वहां सत्ता हस्तांतरण के समय पड़ोसी देश के लोगों के साथ दृढ़ता से खड़ी रही। प्रधानमंत्री ने कहा, ‘‘मैं 140 करोड़ भारतीयों की ओर से कार्की को बधाई देता हूं। मुझे विश्वास है कि वह नेपाल में शांति, स्थिरता और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करेंगी।’’

## वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025: उच्चतम न्यायालय कल अंतरिम आदेश सुनाएगा

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय 15 सितंबर को तीन प्रमुख मुद्दों पर अपना अंतरिम आदेश सुनाएगा, जिसमें ‘‘अदालतों द्वारा वक्फ, उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ या विलेख द्वारा वक्फ’’ घोषित संपत्तियों को गैर-अधिसूचित करने की शक्ति शामिल है। ये बिंदु वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई के दौरान सामने आये थे। प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने वक्फ मामले में दोनों पक्षों को सुनने के बाद 22 मई को इन मुद्दों पर अंतरिम आदेश सुरक्षित रख लिया था। उच्चतम न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड की गई 15 सितंबर की वाद सूची के अनुसार, अदालत इस मामले में अपना आदेश सुनाएगी। अंतरिम आदेश सुरक्षित रखने से पहले, पीठ ने संशोधित वक्फ कानून को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ताओं के वकीलों और केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दलीलें लगातार तीन दिनों तक सुनी थीं। पीठ ने पहले उन तीन मुद्दों की पहचान की थी, जिन पर याचिकाकर्ताओं ने अंतरिम आदेश के जरिये रोक लगाने का अनुरोध किया था। अधिसूचना रद्द करने के मुद्दे के अलावा, याचिकाकर्ताओं ने राज्य वक्फ बोर्डों और केंद्रीय वक्फ परिषद की संरचना पर भी सवाल उठाए हैं, उनका तर्क है कि बोर्ड और परिषद में केवल मुसलमानों को ही शामिल किया जाना चाहिए। तीसरा मुद्दा उस प्रावधान से संबंधित है, जिसके अनुसार, जब कलेक्टर यह पता लगाने के लिए जांच करता है कि संपत्ति सरकारी है या नहीं, तो वक्फ संपत्ति को वक्फ नहीं माना जाएगा। केंद्र सरकार ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 को पांच अप्रैल को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मंजूरी मिलने के बाद अधिसूचित किया था।

## लंदन में 1 लाख से ज्यादा एंटी-इमिग्रेशन प्रदर्शनकारी सड़क पर उतरे, कई पुलिसकर्मियों पर हमला

**लंदन :** लंदन के सेंट्रल इलाके में शनिवार को ब्रिटेन के हाल के इतिहास का सबसे बड़े दक्षिणपंथी प्रदर्शन देखने को मिला। करीब 1 लाख से ज्यादा प्रदर्शनकारी एंटी-इमिग्रेशन यानी प्रवासन विरोधी एक्टिविस्ट टॉमी रॉबिन्सन के नेतृत्व में मार्च करते हुए एकजुट हुए। पुलिस ने बताया कि इस दौरान कई पुलिस अधिकारियों पर हमला भी किया गया। ये विरोध प्रदर्शन ’यूनाइट द किंगडम’ मार्च के नाम से आयोजित किया गया था, जिसमें लगभग 1 लाख 10 हजार लोगों ने हिस्सा लिया। रॉबिन्सन की रैली ’स्टैंड अप टू रेसिज्म’ (नस्लवाद के ख़िलाफ़ खड़े हों) विरोध प्रदर्शन के साथ हुई, जिसमें लगभग 5000 लोग शामिल हुए। झड़पों को रोकने के लिए मेट्रोपॉलिटन पुलिस को दिनभर कई बार जूझना पड़ा। पुलिस ने ’यूनाइट द किंगडम’ रैली के प्रदर्शनकारियों को नो-प्रोटेस्ट ज़ोन में जाने, पुलिस का सुरक्षा घेरा तोड़ने या विरोधी समूह के पास जाने से रोक दिया। पुलिस ने बताया कि प्रदर्शन के दौरान कई अधिकारी हमले का शिकार हुए। इसके जवाब में, अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किए गए। सुरक्षा उपकरण पहने अधिकारी और घुड़सवार पुलिस की मदद से व्यवस्था को नियंत्रित किया गया।

## कोलकाता में ‘द बंगाल फाइल्स’ की विशेष स्क्रीनिंग



**कोलकाता :** देशभर में रिलीज़ होने के बावजूद पश्चिम बंगाल में लंबे समय तक सिनेमाघरों में जगह न पाने वाली फिल्म ‘द बंगाल फाइल्स’ आखिरकार शनिवार को कोलकाता में दिखाई गई। हालांकि यह स्क्रीनिंग किसी सिनेमाघर में नहीं बल्कि राष्ट्रीय पुस्तकालय (नेशनल लाइब्रेरी) में शाम 4 बजे आयोजित की गई। इसमें केवल आमंत्रित लोगों को ही प्रवेश मिला। विशेष शो में फिल्म के निर्देशक विवेक अग्निहोत्री स्वयं मौजूद रहे। भाजपा के कई नेता, केंद्रीय सुरक्षा बलों की कड़ी सुरक्षा और सांस्कृतिक जगत से जुड़े लोग इस मौके पर उपस्थित थे। निर्देशक का दावा है कि फिल्म में बंगाल के उस इतिहास को दिखाया गया है, जिसे अब तक आम जनता से छिपाया गया था। फिल्म की स्क्रीनिंग को लेकर राजनीति भी गर्माई। अभिनेत्री और भाजपा सांसद रूपा गांगुली ने सवाल उठाया कि सेंसर बोर्ड की अनुमति होने के बावजूद पश्चिम बंगाल में फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज़ क्यों नहीं किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि कलाकारों की आवाज़ दबाई जा रही है।







## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 14 सितम्बर, रविवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, आश्विन कृष्णपक्ष अष्टमी, 27:07 तक, नक्षत्र : रोहिणी, 08:40 तक, योग : वज्र, 07:31 तक, सूर्योदय: 5:23, सूर्यास्त: 17:43, चन्द्रोदय : 22:50, चन्द्रास्त: 12:06, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : सिंह, चन्द्र राशि : वृषभ, राहू काल : 16:05 से 17:37

## साप्ताहिक : राशिफल
## 14-09-25 से 20-09-25



**मेष : चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ :** यह सप्ताह आपके लिए अच्छा रहने वाला है। प्रेम जीवन जी रहे लोग इस सप्ताह अपने रिश्ते को आगे ले जाने की कोशिश में कामयाब रहेंगे और उन्हें खुशियां मिलेंगी। वैवाहिक जीवन जी रहे लोग इस सप्ताह परिवार और जीवनसाथी के बीच तालमेल बनाकर चले तो अच्छा रहेगा और अपनी वाणी पर संयम रखें। इस सप्ताह आपको धन को लेकर ज्यादा परेशान होने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन आप व्यर्थ के खर्चों पर लगाम लगाएं। अपनी शान शौकत के चक्कर में ज्यादा धन खर्च कर सकते हैं।



**वृष : ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो :** यह सप्ताह आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। प्रेम जीवन में थोड़ा मनमुटाव बना रहेगा और आपसी समझदारी से ना चलने के कारण समस्याएं भी बढ़ सकती हैं। वैवाहिक जीवन में इस सप्ताह आप अपने साथी पर पूरा भरोसा करेंगे और दोनों एक दूसरे की खूब केयर करेंगे जिससे खुशियां बनी रहेंगी। इस सप्ताह आपको धन के मामलों में खुशियां मिलेंगे। आप कोई लोन लेना चाहते हैं तो वह भी आसानी से मिल जाएगा। आप किसी से किए हुए वादे को भी समय में पूरा कर सकते हैं, लेकिन निवेश संबंधी मामलों में सावधान रहने की आवश्यकता है।



**मिथुन : का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह :** यह सप्ताह आपके लिए सामान्य रहने वाला है। प्रेम जीवन जी रहे लोग इस सप्ताह अपने साथी के साथ रिश्ते को बेहतर बनाने की कोशिश में लगे रहेंगे। गृहस्थ जीवन में इस सप्ताह आपको धैर्य बनाए रखने की आवश्यकता है। धन के मामले में समय थोड़ा कमजोर रहेगा। करियर में इस सप्ताह अच्छे परिणाम देखने को मिलेंगे क्योंकि आपको किसी नई नौकरी की प्राप्ति हो सकती है। बिजनेस में कोई नया प्रोजेक्ट मिल सकता है, लेकिन आप इस समय में अपने आसपास के लोगों से सावधान रहें।



**कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो :** यह सप्ताह आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को अपने साथी से कुछ तनाव हो सकता है। वैवाहिक जीवन में वाद-विवाद बढ़ने से रिश्तों में दूरियां आएंगी। धन को लेकर ज्यादा परेशान होने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि इस सप्ताह आपको आपका डूबा हुआ धन मिल सकता है और यदि आप किसी योजना में निवेश करेंगे तो वह भी आपके लिए अच्छा रहेगा। प्रॉपर्टी की लॉन्ग टर्म के लिए खरीदारी करें तो बेहतर रहेगा।



**सिंह : मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे :** यह सप्ताह आपके लिए कुछ समस्याएं लेकर आने वाला है। इस सप्ताह आप अपने साथी से कुछ प्यार भरी बातें करने का सोचेंगे, लेकिन कुछ आपसी तनाव रिश्ते में दूरियां ला सकता है। वैवाहिक जीवन में इस सप्ताह आपसी समझदारी ना रहने के कारण लड़ाई झगड़ा बढ़ेंगे। आपको इस सप्ताह अपने धन को कहीं इन्वेस्टमेंट के बारे में सोचना होगा। इस समय कोई वादा ना करें। बिजनेस कर रहे लोगों को इस सप्ताह सचेत रहना होगा। उनकी किसी योजना पर विराम लग सकता है।



**कन्या : ढो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो :** यह सप्ताह आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को सप्ताह अपने साथी से सोच विचार कर बोलना होगा। वैवाहिक जीवन जी रहे लोगों को सप्ताह अपने साथी की भावनाओं का सम्मान करना होगा और उन्हें उनके साथ ज्यादा समय बिताना चाहिए। इस सप्ताह धन को लेकर थोड़ा परेशान रहेंगे। इस सप्ताह किसी से निवेश संबंधी कोई सलाह लेकर अपने कामों में आगे बढ़ सकते हैं। आपको किसी काम को लेकर ज्यादा परेशान होने की आवश्यकता नहीं है।



**तुला : रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते :** यह सप्ताह आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को सप्ताह अपने साथी से कोई ऐसी बात नहीं बोलनी है जो कि आपके बीच समस्याओं को बढ़ाए। आप उनसे प्यार भरी बातें करें। गृहस्थ जीवन में इस सप्ताह कुछ लड़ाई झगड़ा रहने से समस्याएं बढ़ेंगी। इस सप्ताह आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहने से आपको ज्यादा टेंशन नहीं रहेगी और आप खुल खर्च करेंगे। बिजनेस में आप इस सप्ताह कुछ नई योजनाओं पर काम कर सकते हैं। आपके सहयोगी कामों में पूरा साथ देंगे।



**वृश्चिक : तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू :** यह सप्ताह आपके लिए कुछ टेंशन लेकर आएगा। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को अपने साथी की कुछ बातें गुस्सा दिलाएंगी। वैवाहिक जीवन में चल रही समस्याओं से निजात मिलेगी। आप अपने धन को काफी शौक मौज की चीजों में लगा सकते है। आपको खर्चों से ज्यादा बढ़ने सो रोकने पर ध्यान देने की आवश्यकता है और भविष्य के लिए प्लानिंग करें व्यवसाय में आपको इस सप्ताह कोई बड़ा जोखिम उठाने से बचना होगा। आपका कोई साथी आपके खिलाफ कोई प्लानिंग कर सकता है।



**धनु : ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे :** यह सप्ताह आपके लिए सोच समझ कर कामों को करने के लिए रहेगा। प्रेम जीवन में इस सप्ताह आपसी सामंजस्य न रहने के कारण तनाव रहेगा। वैवाहिक जीवन में सप्ताह आपको किसी लड़ाई झगड़े को बढ़ाने से रोकना होगा। इस सप्ताह आपको अपने खर्चों को लेकर आप परेशान रहेंगे। कोई लोन आदि लेने से बचें। किसी प्रॉपर्टी में निवेश करने से पहले किसी बड़े से सलाह अवश्य लें। बिजनेस कर रहे लोगों को सप्ताह अच्छा लाभ मिलने की संभावना है।स्वास्थ्य आपका अच्छा रहने वाला है।



**मकर : भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी :** यह सप्ताह आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। प्रेम जीवन जी रहे लोग सप्ताह खुशियों से सराबोर रहेंगे। गृहस्थ जीवन जी रहे लोग इस सप्ताह अपने साथी को पूरा महत्व देंगे। आप इस सप्ताह अपने धन का सदुपयोग करें तो बेहतर रहेगा। आपको कुछ धन निवेश में भी लगाना होगा। इस सप्ताह व्यवसाय में आपको अच्छा लाभ मिलेगा लेकिन आपको किसी पर भरोसा करने से नुकसान हो सकता है। नौकरी में कार्यरत लोगों को इस सप्ताह कामों पर पूरा ध्यान देना होगा और आपके अधिकारी आज आपकी जिम्मेदारियां को भी बढ़ा सकते हैं।



**कुम्भ : गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा :** यह सप्ताह आपके लिए खुशियां लेकर आएगा। आप प्रेम जीवन जी रहे लोग एक दूसरे के खूब केयर करेंगे और आपके बीच प्रेम गहरा रहेगा। शादीशुदा लोग अपने रिश्ते में चल रही अनबन को दूर करने की कोशिश करेंगे और कहीं घूमने-फिरने भी जा सकते हैं। आपको इस सप्ताह परिवार में किसी सदस्य की बीमारी आदि पर भी धन खर्च करना पड़ सकता है। इस सप्ताह करियर को लेकर आपको सावधान रहना होगा और आप अपने किसी काम को किसी दूसरे के भरोसे नहीं छोड़ना चाहिए।



**मीन : दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची :** यह सप्ताह आपके लिए जोश से भरपूर रहने वाला है। इस सप्ताह प्रेम जीवन जी रहे लोग साथी के साथ समय तो बताएंगे। वैवाहिक जीवन में आपको अपने साथी के लिए समय निकालना होगा और यदि कोई वाद विवाद हो तो उसे निपटा लें। आपको इस सप्ताह धन को लेकर ज्यादा टेंशन रहेगी क्योंकि आपके कुछ अनचाहे खर्च आपके सामने आ सकते हैं। व्यवसाय कर रहे लोग पार्टनरशिप में किसी काम की शुरुआत ना करें क्योंकि पार्टनर से उनके कोई नुकसान मिलने की संभावना है।

# अपने बल पर बढी है हिंदी!



डॉ घनश्याम बादल

विविधताओं का देश भारत भाषाई विविधता का अनूठा संगम है। संविधान की आठवीं अनुसूची में 22 भाषाएं स्वीकृत है, देश में सबसे अधिक लिखी, बोली, पढ़ी एवं सुनी जाने वाली देवनागरी हिंदी राष्ट्रभाषा होने के सभी मानकों पर खरी उतरती है परंतु क्षेत्रीयता एवं राजनीति के चलते आज तक इस उपलब्धि को हासिल नहीं कर पाई है।

14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने हिंदी को भारत संघ की राजभाषा का दर्जा प्रदान किया उसी दिन को विशिष्ट बनाने हेतु हर वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाता है। हिंदी दिवस हिंदी के सामने खड़ी चुनौतियों, उसकी खूबियों और श्री वृद्धि की यात्रा समीक्षा का सबसे उपयुक्त दिन है ।

**चुनौतियाँ :** हिंदी को राजभाषा का दर्जा मिलने के बाद उसके समक्ष अनेक चुनौतियाँ उपस्थित हुईं। इनमें कुछ ऐतिहासिक, कुछ राजनीतिक और कुछ सामाजिक बाधाएं थीं।

**भाषाई विविधता और क्षेत्रीयता का प्रश्न :** भारत में लगभग 19,500 मातृभाषाएँ और बोलियाँ प्रचलित हैं। दक्षिण भारत में द्रविड़ भाषाओं का बोलबाला है, जहाँ हिंदी के प्रति शुरुआती दौर में विरोध भी देखने को मिला। हिंदी को राष्ट्रीय भाषा का दर्जा देने के प्रस्ताव पर तीव्र बहस हुई और समझौता सूत्र के रूप में अंग्रेजी को भी सह-राजभाषा बनाया गया।

**अंग्रेजी का प्रभाव और वैश्वीकरण :** शिक्षा, रोजगार और तकनीक के क्षेत्र में अंग्रेजी का बढ़ता वर्चस्व हिंदी के लिए चुनौती बन गया। उच्च शिक्षा, विज्ञान, न्यायपालिका और कॉर्पोरेट सेक्टर में आज भी अंग्रेजी का प्रभुत्व है। तकनीकी शब्दावली और मानकीकरण हिंदी में विज्ञान, प्रौद्योगिकी और प्रशासन के लिए उपयुक्त शब्दावली विकसित करना कठिन कार्य रहा। कठिन और संस्कृतनिष्ठ शब्दावली के कारण आमजन में दूरी बनी।

**उपनिवेशवाद की मानसिकता :** लंबे समय तक अंग्रेजी शासन के कारण अंग्रेजी को आधुनिकता और प्रगति का प्रतीक माना जाने लगा। हिंदी को कभी-कभी ग्रामीण या पिछड़ेपन की भाषा मानने की प्रवृत्ति ने भी इसकी स्वीकृति में बाधा डाली।

मीडिया और बाजार की प्राथमिकताएँ सिनेमा, विज्ञापन और सोशल मीडिया ने कई बार हिंदी को मिश्रित (हिंग्लिश) स्वरूप में प्रस्तुत किया। इससे शुद्ध हिंदी की स्वीकृति कम हुई और भाषा का शुद्ध रूप हाशिए पर जाने लगा।

चुनौतियां केवल यही नहीं थी बल्कि हिंदी के प्रति है हेय भाव रखने की मानसिकता, अंग्रेजी दां लोगों को श्रेष्ठ समझना, हिंदी को वैश्विक भाषा के तौर पर कमजोर सिद्ध करने के प्रयास और राजनीति व क्षेत्रीयतावाद ने भी हिंदी के पांव में बेड़ियां डालने का काम किया।

लेकिन अगिणित चुनौतियों के बावजूद यदि हिंदी ने अपने विकास की यात्रा जारी रखी तो उसके पीछे हिंदी का सामर्थ्य है । उसकी वैज्ञानिकता एवं भावों के अनुरूप शब्द भंडार उसकी ताकत बनी है।

**हिंदी की खूबियाँ :** हिंदी की कुछ विशेषताएँ ऐसी हैं जिनके कारण यह समय के साथ अधिक प्रासंगिक और लोकप्रिय बन गई है।

**सरलता और सहजता :** हिंदी अपेक्षाकृत सरल व्याकरण वाली भाषा है। इसके ध्वनि-तत्व स्पष्ट हैं और शब्द उच्चारणानुकूल हैं। इसमें मुख्य सुख का नियम आड़े नहीं आता। इससे यह जनसामान्य के लिए सुगम हो गई।

**हिन्दी दिवस पर विशेष :**

लचीलापन व आत्मसात करने की क्षमता हिंदी में अरबी, फारसी, अंग्रेजी और अन्य भाषाओं के शब्दों को अपनाने की क्षमता है। इसने इसे समावेशी और आधुनिक बनाया। भले ही बहुत से विद्वान इसे हानिकारक एवं हिंदी की कमजोरी मानते हैं लेकिन हिंदी के लगातार बढ़ने के पीछे इसका सबसे बड़ा गुण है अन्य भाषाओं के शब्दों को अपने अनुसार ढाल लेना एवं उन्हें आत्मसात कर लेना।

**साहित्यिक समृद्धि :** जहां तक हिंदी साहित्य की बात है तो वीर गाथा कल से लेकर उत्तर आधुनिक काल तक हिंदी में एक से बढ़कर एक साहित्यिक ग्रंथ एवं साहित्यकार दिए हैं । सूरदास कबीरदास तुलसी केशव बिहार जायसी भारतेंदु हरिश्चंद्र सेनापति जैसे हीरों के साथ-साथ प्रेमचंद, महादेवी वर्मा, अज्ञेय, हरिवंश राय बच्चन जैसे रचनाकार दिए जिन्होंने कविता, उपन्यास, नाटक, कहानी और पत्रकारिता के विविध रूपों में हिंदी ने अद्वितीय योगदान दिया।

**जनभाषा :** आज के डिजिटल युग में भी अपनी खूबियों के चलते हिंदी जनसंचार की भाषा बन चुकी है। बॉलीवुड और टीवी ने उसे पूरे देश में लोकप्रिय बना दिया। हिंदी फिल्मी गीतों ने इसे भावनाओं की भाषा के रूप में प्रतिष्ठित किया। जहां सरकार के कदमों से हिंदी को अधिक बल नहीं मिला वहीं रोजगार एवं बाजार में हिंदी को बिना तक की ही सही राष्ट्रभाषा बना दिया है।

**राष्ट्रीय एकता की सूत्र भाषा :** हिंदी ने विभिन्न प्रांतों के बीच संपर्क भाषा का कार्य किया। स्वतंत्रता संग्राम में हिंदी के माध्यम से जनजागरण हुआ, जिसने इसे राष्ट्रीय चेतना की भाषा बना दिया। आज देश के किसी कोने में भी जाएं आपको हिंदी भाषा बोलने लिखने एवं समझने वाले लोग आसानी से मिल जाएंगे वास्तव में ही भाषा के रूप में अकेली हिंदी ही ऐसी है जो भारत को पूरब से पश्चिम एवं उत्तर से दक्षिण तक जोड़ने की सामर्थ्य रखती है।

**हिंदी के श्रीवृद्धि तत्व :** हिंदी की प्रगति आकस्मिक नहीं बल्कि विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक और तकनीकी तत्वों के सामूहिक प्रयास का परिणाम है।

शिक्षा और विश्वविद्यालय विश्वविद्यालयों में हिंदी विभागों और शोध संस्थानों की स्थापना हुई। साहित्य अकादमी और केंद्रीय हिंदी संस्थान जैसी संस्थाएँ हिंदी भाषा के विकास में अग्रणी रहीं। आज भारत के अलावा लगभग डेढ़ सौ विश्वविद्यालय हिंदी को अपने पाठ्यक्रम में शामिल किए हुए हैं।

**मीडिया और मनोरंजन :** आकाशवाणी, दूरदर्शन, समाचार पत्रों और डिजिटल प्लेटफॉर्मों वह टीवी तथा यूट्यूब चैनलों ने हिंदी को व्यापक दर्शक वर्ग तक पहुँचाया है। आज गर्व के साथ सोशल मीडिया पर हिंदी सामग्री का उपभोग तेजी से बढ़ रहा है।

**प्रवासी भारतीय और वैश्विक मंच :** विश्व के अनेक देशों में हिंदी भाषी प्रवासी रहते हैं। फिजी, मॉरीशस, सूरीनाम, त्रिनिदाद, नेपाल और खाड़ी देशों में हिंदी बोलने वालों की संख्या काफी है। इससे हिंदी का अंतरराष्ट्रीय महत्व बढ़ा।

**आर्थिक कारक :** हमेशा ध्यान रखना चाहिए कि किसी भी भाषा के विकास में सरकार बाजार एवं रोजगार की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होती है। विभिन्न कंपनियों ने हिंदी में विज्ञापन और ब्रांडिंग शुरू की है क्योंकि यह उपभोक्ताओं तक सबसे प्रभावी ढंग से पहुँचती है। हिंदी हार्टलैंड का महत्व राजनीतिक और आर्थिक दृष्टि से बढ़ा।

**प्रौद्योगिकी और इंटरनेट :** आज गूगल, यूट्यूब और अन्य प्लेटफॉर्मों पर हिंदी कंटेंट की माँग तेजी से बढ़ी। भाषाई एआई, मशीन अनुवाद और वॉइस असिस्टेंट ने हिंदी को डिजिटल युग में सशक्त बनाया।

आज बेहिचक कहा जा सकता है कि हिंदी ना बेचारी भाषा है, ना बेचारों की भाषा है बल्कि यह भावना एवं विचारों की ऐसी भाषा है जो हृदय एवं मस्तिष्क दोनों के मानकों पर खरी उतरती है।

# दुश्मन देश के साथ क्रिकेट का क्या औचित्य



अजय कुमार

14 सितंबर को दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में होने वाला एशिया कप 2025 का भारत-पाकिस्तान मुकाबला खेल से कहीं अधिक, एक भावनात्मक और राजनीतिक बहस बन चुका है। आमतौर पर इस मैच का ऐलान होते ही पूरे देश में उत्साह और रोमांच का माहौल बनता है। टिकट कुछ ही घंटों में बिक जाते हैं, पब और रेस्टोरेंट्स बड़ी स्क्रीन पर लाइव प्रसारण दिखाने के लिए बुकिंग शुरू कर देते हैं और लोग इसे क्रिकेट का महाकुंभ मानते हैं। लेकिन इस बार नज़ारा बिल्कुल उलट है। पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर की टीस अब भी ताज़ा है, और देश का जनमानस पूछ रहा है कि जब हमारे जवानों और नागरिकों का खून अभी सूखा भी नहीं, तो दुश्मन देश के साथ क्रिकेट खेलने का क्या औचित्य है?

22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुआ आतंकी हमला भारत की आत्मा को झकझोर देने वाला था। चार आतंकियों ने बैसरन घाटी में टूरिस्टों पर अंधाधुंध फायरिंग की और धर्म पूछकर लोगों को गोलियों से भून दिया। इस नृशंस वारदात में 26 निर्दोषों की जान चली गई, जिनमें महिलाएं, बच्चे, एक नेपाली नागरिक और एक ईसाई पर्यटक शामिल थे। 22 लोग घायल हुए। आतंकी संगठन 'द रेसिस्टेंस फ्रंट' (ढठऋ), जो लश्कर-ए-तैयबा की शाखा है, ने इसकी जिम्मेदारी ली। भारतीय खुफिया एजेंसियों ने साफ किया कि यह पाकिस्तान प्रायोजित हमला था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तुरंत सऊदी अरब यात्रा रद्द कर आपात बैठक बुलाई और गृह मंत्री अमित शाह ने सुरक्षा समीक्षा की। इसके बाद भारत ने अटारी-वाघा बॉर्डर बंद कर दिया, पाकिस्तानी वीज़ा रद्द कर दिए और सिंधु जल संधि स्थगित कर दी। इस हमले की तुलना 'हमास पैटर्न' से की गई क्योंकि इसमें सीधे निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाया गया।

पहलगाम की इस त्रासदी के बाद देश का गुस्सा शांत नहीं हुआ था कि मई में भारत ने जवाबी कार्रवाई के तौर पर ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया। भारतीय वायुसेना के राफेल विमानों ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के मुजफ्फराबाद और कोटली से लेकर पाकिस्तान के बहावल-पुर तक नौ आतंकी ठिकानों को डउ-डझ मिसाइलों से तबाह कर दिया। रक्षा मंत्रालय के अनुसार इस कार्रवाई में करीब 100 आतंकी और 130 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए। लेकिन पाकिस्तान ने भी पलटवार किया और ड्रोन तथा मिसाइल हमलों में भारत ने 20 जवान खो दिए। यह देश के लिए एक और बड़ा सदमा था। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत ने मुंहतोड़ जवाब दिया है, लेकिन शहीदों की कुर्बानी ने जनता को गहराई तक आहत कर दिया।

इसी पृष्ठभूमि में जब भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच की घोषणा हुई, तो जनता का गुस्सा फूट पड़ा। ट्विटर, फेसबुक और इंस्टाग्राम पर ड्वेर्लोंझरज्ञउीळलज्ञशीं और झरहरश्ररा-ौींरलज्ञ जैसे हैशटैग ट्रेंड करने लगे। लोग लिख रहे थे कि शहीदों के खून पर क्रिकेट का तमाशा नहीं होना चाहिए। कई जगहों पर बीसीसीआई के खिलाफ प्रदर्शन हुए, पाकिस्तानी झंडे जलाए गए। मुरादाबाद में सपा नेता एसटी हसन ने कहा कि शहीदों के अपमान को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बीजेपी के पूर्व सांसद गौतम गंभीर ने ट्वीट किया कि आतंकवाद रुके बिना पाकिस्तान से कोई मैच नहीं खेला जाना चाहिए। शिवसेना (णइढ) के संजय राउत ने इसे राष्ट्रद्रोह बताया और बीसीसीआई को कटघरे में खड़ा किया। आदित्य ठाकरे ने तो यहां तक कहा कि पाकिस्तान से क्रिकेट खेलना शहीदों के परिवारों के जख्मों पर नमक छिड़कना है। यहां तक कि लेफ्ट और राइट पार्टियां, जो अक्सर एक-दूसरे के खिलाफ रहती हैं, इस बार एक सुर में पाकिस्तान के साथ क्रिकेट का विरोध करती दिखीं।

सिर्फ राजनीतिक दल ही नहीं, क्रिकेट जगत के कई बड़े नाम भी इस बहस में कूद पड़े। पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह ने साफ कहा कि भारत-पाक मैच तब तक नहीं होना चाहिए जब तक रिश्ते सामान्य नहीं हो जाते। उनका कहना था कि जब हमारे जवान घर नहीं लौटते, तो ऐसे समय में पाकिस्तान के साथ क्रिकेट खेलना देश की भावनाओं के साथ खिलवाड़ है। यही भावना शहीदों के परिवारों की भी है। कानपुर के शहीद शुभम द्विवेदी की पत्नी और पिता ने सोशल मीडिया पर भावुक पोस्ट लिखकर सरकार और बीसीसीआई से पाकिस्तान का पूर्ण बहिष्कार करने की मांग की।

लेकिन दूसरी तरफ सरकार और बीसीसीआई का रुख कुछ और है। अगस्त 2025 में खेल मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय सीरीज नहीं होगी, लेकिन एशिया कप जैसे बहुपक्षीय टूर्नामेंट्स में भारत की भागीदारी बनी रहेगी। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने भी यही कहा कि भारत सरकार ने बहुपक्षीय टूर्नामेंट्स में रोक नहीं लगाई है। चूंकि एशिया कप का आयोजन एशियन क्रिकेट काउंसिल (-उउ) के तहत हो रहा है और पाकिस्तान ने भारत में खेलने से इनकार कर दिया, इसलिए मैच दुबई में तय किया गया। बीसीसीआई अधिकारियों ने खुद मैच के लिए दुबई जाने से इनकार किया है, लेकिन टीम को भेजा जा रहा है। सवाल यह उठ रहा है कि जब सरकार ने पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि स्थगित कर दी, जब बॉर्डर सील कर दिए गए, तो फिर क्रिकेट को अपवाद क्यों बनाया जा रहा है?

इस बीच सुप्रीम कोर्ट में भी यह मामला पहुंचा। पुणे के एक सामाजिक कार्यकर्ता ने याचिका दाख़िल की कि भारत-पाकिस्तान मैच रद्द किया जाए क्योंकि यह शहीदों का अपमान है। लेकिन अदालत ने त्वरित सुनवाई से इनकार कर दिया और कहा कि यह सिर्फ एक खेल है, इसमें भावनाओं को न मिलाया जाए। यह फैसला जनता के गुस्से को और भड़का गया। लोग कह रहे हैं कि अगर यह सिर्फ खेल है तो फिर देशभक्ति के नाम पर हर मंच पर क्रिकेट का इस्तेमाल क्यों किया जाता है?इस पूरे विवाद का असर मैदान से बाहर भी दिख रहा है। आमतौर पर भारत-पाक मुकाबले के टिकट कुछ ही घंटों में बिक जाते हैं, लेकिन इस बार दुबई स्टेडियम के आधे टिकट अभी भी अनबिके हैं। रेस्तरां और पब ने भी बड़े स्क्रीन पर मैच दिखाने के विज्ञापन बंद कर दिए हैं। एक प्रतिष्ठित समाचार पत्र के ऑनलाइन पोल में 80 फीसदी लोगों ने पाकिस्तान से क्रिकेट खेलने का विरोध किया है। यह साफ संकेत है कि जनता इस बार क्रिकेट को मनोरंजन के तौर पर स्वीकार करने को तैयार नहीं है।

कुछ विश्लेषक तर्क दे रहे हैं कि भारत को इस मैच से 7000 करोड़ रुपये से ज्यादा का राजस्व और करोड़ों की व्यूअरशिप मिलती है। क्रिकेट भारत की सॉफ्ट पावर है और इसका असर 2036 ओलंपिक की मेज़बानी की दावेदारी पर भी पड़ सकता है। लेकिन दूसरी तरफ तर्क यह भी है कि अमेरिका और रूस जैसे देशों ने भी शीत युद्ध के दौरान ओलंपिक का बहिष्कार किया था, फिर भी वे महाशक्तियां बनीं। भारत 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है, तो क्या शहीदों की कुर्बानी से ऊपर क्रिकेट का पैसा रखा जा सकता है?इस मैच को लेकर पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी के बयानों ने भी आग में घी डालने का काम किया है। उन्होंने कहा कि भारत क्रिकेट का इस्तेमाल राजनीति के लिए करता है, जिससे भारतीय सोशल मीडिया और ज़्यादा भड़क उठा। बीजेपी पर विपक्षी दल आरोप लगा रहे हैं कि सरकार पाकिस्तान के खिलाफ सिर्फ ज़ुबानी राष्ट्रवाद दिखाती है, लेकिन व्यावहारिक स्तर पर क्रिकेट और अन्य क्षेत्रों में ढील दे देती है।

अब सवाल यह है कि जब प्रधानमंत्री खुद कह चुके हैं कि खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते, तो क्या खून और क्रिकेट साथ बह सकते हैं? क्या शहीदों के खून का मोल सिर्फ इतना है कि हम सोशल मीडिया पर श्रद्धांजलि दें और अगले ही पल दुश्मन देश के साथ बैट-बॉल का खेल खेलने बैठ जाएं?14 सितंबर को जब टीम इंडिया मैदान पर उतरेगी, तो खिलाड़ियों का ध्यान भले रन और विकेट पर हो, लेकिन दर्शकों की निगाहें सिर्फ क्रिकेट पर नहीं होंगी। वे यह भी देख रहे होंगे कि क्या शहीदों की कुर्बानी से बड़ा हमारे लिए कोई खेल हो सकता है। यह मुकाबला सिर्फ भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट नहीं, बल्कि देश की आत्मा और सम्मान की कसौटी भी है।

-वरिष्ठ पत्रकार

## विदेश की खबरें

### ब्रिटेन में भारतीय मूल के व्यक्ति को मां की हत्या के जुर्म में आजीवन कारावास की सजा

**बास्किंग रिज (अमेरिका) :** लंदन : इंग्लैंड के बर्मिंघम स्थित घर में अपनी मां की हत्या करने वाले 39 वर्षीय भारतीय मूल के व्यक्ति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। अदालत के फैसले में कहा गया कि दोषी को पहले कम से कम 15 साल जेल में बिताने होंगे और इसके बाद ही उसे पैरोल दिए जाने पर विचार किया जाएगा। दोषी सुरजीत सिंह ने अपनी 76 वर्षीय मां मोहिंदर कौर की हत्या का जुर्म स्वीकार कर लिया था। पिछले वर्ष सितंबर में कई बार वार किए जाने से लगी चोट के कारण कौर की मौत हो गई थी। बर्मिंघम क्राउन कोर्ट में शुक्रवार को सिंह को उस दौरान सजा सुनाई गई, जब यह बात सामने आई कि टेलीविजन के रिमोट को लेकर हुए विवाद के कारण नशे में धुत सिंह ने अपनी मां पर जानलेवा हमला कर दिया था।वेस्ट मिडलैंड्स पुलिस के जांच निरीक्षक निक बार्न्स ने कहा, इस मूर्खतापूर्ण हत्या ने एक परिवार को तोड़ दिया है और हमारी संवेदनाएं प्रभावित सभी लोगों के साथ हैं।


### इजराइल ने गाजा शहर पर हमले तेज किए, अस्पताल ने 32 लोगों को मारे जाने की जानकारी दी

**दीर अल-बलाह (गाजा पट्टी) :** इजराइल ने गाजा शहर में अपने हमले तेज कर दिए हैं और उसके हवाई हमलों में कम से कम 32 लोगों की मौत हुई है। चिकित्सा कर्मचारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी और कहा कि फलस्तीनियों से गाजा शहर खाली करने की अपील की गई है। शिफा अस्पताल में स्थित मुर्दाघर के अनुसार, मृतकों में 12 बच्चे शामिल हैं। इजराइल ने हाल के दिनों में गाजा शहर में हमले तेज कर दिए हैं, कई ऊंची इमारतों को नष्ट कर दिया है और हमास पर उनमें निगरानी उपकरण लगाने का आरोप लगाया है।

### खैबर पख्तूनख्वा में टीटीपी के कम से कम 35 आतंकवादी मारे गए : पाकिस्तान की सेना

**पेशावर :** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में दो अलग-अलग अभियानों में प्रतिबंधित संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) से कथित तौर पर जुड़े कम से कम 35 आतंकवादी मारे गए हैं। पाकिस्तानी सेना ने शनिवार को यह जानकारी दी। सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने बताया कि दोनों अभियानों में आतंकवादियों से लड़ाई में 12 सैनिकों ने भी अपनी जान गंवाई।

## वर्ग पहेली नं. 3207



ऊपर से नीचे:- 1) जुगतबाज़, 2) आक्रमण, 3) एक फल, 4) लहर, 5) चित्त, 6) सदैव, 9) कुत्ता, 10) दुष्ट, 12) आत्मीयता, 14) मदरसा, 15) स्त्री, 17) विभाग, 18) छिलका; चमड़ा, 20) गायनवादन, 22) नीच, 24) बादशाही रहन-सहनवाला, 26) साँस, 28) पत्ते का कटोरानुमा पात्र.

(उत्तरः अगले अंक में)

बायें से दायें:- 2) दस गुणा सौ, 4) सहयात्री, 7) अधिवेशन; सभा, 8) भोजन को स्वादिष्ट बनानेवाले पदार्थ, 10) मर्यादा, 11) बाण, 12) स्त्रियों के लिए एक संबोधन, 13) नमस्कार, 16) घाटा, 17) शराबख़ाना, 19) दोषपूर्ण, 21) झपटना, 23) नमूना, 25) ऊँचाई, 27) सीलन, 29) गठिया, 30) घटना; मुकदमा, 31) अवसरप्रतिकूल; अनुचित.

**पिछली पहेली का उत्तर**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब | ग | ला | ■ | दौ | ■ | म | धु | बा | ला |
| ह | ■ | न | ग | र | व | धु | ■ | प्ति | ■ |
| स | मां | त | र | ■ | का | ■ | जि | स्मा | नी |
| ■ | स | ■ | द | ली | ल | ■ | रा | ■ | हा |
| ब | ल | वा | न | ■ | त | र | .फ | दा | र |
| र | ■ | जि | ■ | को | ■ | वि | ■ | खि | ■ |
| स | दा | ब | हा | र | ■ | वा | चा | ल | ता |
| गाँ | ■ | ■ | र | स | दा | र | ■ | ■ | ज्जु |
| ठ | ह | र | ना | ■ | ना | ■ | अ | जी | ब |

## सुडोकू-पहेली-3164

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | 6 | | | | 3 | |
| 9 | | | | | | 7 | | |
| 8 | | | | 5 | | | | |
| | | | 3 | 1 | 2 | 8 | | |
| | | | | 6 | 5 | | | |
| | | | | | | | 1 | 5 |
| | 9 | 7 | | | | 2 | | 4 |
| | 8 | | | 3 | | | | |
| | | | | | | | 6 | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सुडोकू पहेली - 3163 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 7 | 3 | 8 | 1 | 2 | 9 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 4 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 9 | 5 | 8 | 6 | 7 | 2 | 4 | 1 | 3 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 8 | 9 | 7 | 4 |
| 2 | 1 | 4 | 7 | 3 | 9 | 6 | 5 | 8 |
| 8 | 7 | 9 | 4 | 5 | 6 | 3 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 1 | 2 | 9 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 3 | 9 | 6 | 8 | 1 | 7 | 5 | 4 | 2 |
| 7 | 8 | 2 | 5 | 6 | 4 | 1 | 3 | 9 |

# पीएम के कोलकाता दौरे को लेकर ट्रैफिक नियंत्रण में जुटी कोलकाता पुलिस

## आज और कल कई रूटों पर रहेगा यातायात नियंत्रण

**कोलकाता, समाज्ञा :** दुर्गापूजा से पहले कोलकाता की सड़कों पर सख्त यातायात नियम लागू किए जाएंगे। इसकी वजह है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का दो दिवसीय दौरा। वह सोमवार को फोर्ट विलियम स्थित ईस्टर्न कमांड मुख्यालय में आयोजित 'कंबाइंड कमांडर्स कॉन्फ्रेंस 2025' का उद्घाटन करेंगे। इस कार्यक्रम और सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए 14 और 15 सितम्बर को यातायात



नियंत्रण रहेगा। कोलकाता पुलिस की ओर से जारी बयान में बताया गया है कि 14 सितंबर रविवार को दोपहर 3:30 बजे से रात 8 बजे तक भारी और मालवाहक गाड़ियों की आवाजाही पूरी तरह बंद रहेगी। यह पाबंदी वीआईपी रोड, उल्टाडांगा न्यू फ्लाईओवर से ईएम बाइपास, राजभवन दक्षिण गेट से आरआर एवेन्यू-रेड रोड-जे एंड एन आइलैंड होकर मां फ्लाईओवर तक तथा एजीसी बोस फ्लाईओवर से हॉस्पिटल रोड, लवर्स लेन, खिदिरपुर रोड होते हुए जे एंड एन आइलैंड तक लागू होगी। सोमवार को सुबह 7:30 बजे से शाम 4 बजे तक भारी गाड़ियों को राजभवन दक्षिण गेट से आरआर एवेन्यू-रेड रोड-जे एंड एन आइलैंड होते हुए फोर्ट विलियम पूर्व गेट और खिदिरपुर रोड तक प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। 14 सितम्बर सुबह 6 बजे से 15 सितम्बर रात 11 बजे तक राजभवन के आसपास किसी भी भारी वाहन की आवाजाही पूरी तरह निषिद्ध रहेगी। 14 सितम्बर रात 11 बजे से 15 सितम्बर सुबह 6 बजे तक गवर्नमेंट प्लेस ईस्ट और एस्प्लानेड रो ईस्ट क्रॉसिंग से ओल्ड कोर्ट हाउस स्ट्रीट और बीबीडी बाग साउथ क्रॉसिंग तक का हिस्सा बंद रहेगा। पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया है कि हालात को देखते हुए यातायात नियंत्रण की अवधि बढ़ाई जा सकती है। ट्रैफिक पुलिस की ओर से गाड़ियों को वैकल्पिक मार्गों से डायवर्ट किया जाएगा।

## तेल रिसाव रोकने के लिए नई योजना बनाएगी ममता सरकार, अवैध खनन पर भी होगी सख्ती

**कोलकाता, समाज्ञा**

राज्य सरकार नदियों और समुद्र में तेल ले जाने वाले जहाजों के हादसों से होने वाले प्रदूषण को रोकने के लिए विशेष 'तेल रिसाव आपदा प्रबंधन योजना' तैयार कर रही है। शुक्रवार को मुख्य सचिव मनोज पंत ने आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारियों के साथ नवान्न में उच्चस्तरीय बैठक की। इसमें तटरक्षक बल और पोर्ट ट्रस्ट के अधिकारी भी मौजूद थे। मुख्य सचिव ने बताया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के निर्देश पर एक उच्चस्तरीय समिति बनाई गई है, जिसकी अध्यक्षता वे स्वयं करेंगे। इसमें आपदा प्रबंधन, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण, सिंचाई, परिवहन, गृह और पर्यावरण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि तेल रिसाव की स्थिति में त्वरित कार्रवाई के लिए ठोस रणनीति तैयार की जाए, जिससे जल प्रदूषण और पर्यावरणीय नुकसान को कम किया जा सके। बैठक में अवैध रेत और पत्थर खनन पर भी गंभीर चिंता जताई गई। मुख्य सचिव ने साफ किया कि सरकार किसी भी हाल में अवैध खनन बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे इस पर सख्त कार्रवाई करें और जरूरत पड़ने पर पुलिस की मदद से छापेमारी भी करें। मुख्य सचिव ने स्पष्ट किया कि खनन कार्य केवल सरकार से उचित लाइसेंस लेने के बाद ही किया जा सकता है। यदि नियमों का उल्लंघन हुआ तो दोषियों को गिरफ्तार किया जाएगा और उन पर कड़ी सजा भी दी जाएगी।

## उप चुनाव आयुक्त एसआईआर की तैयारियों की समीक्षा के लिये आएंगे कोलकाता




**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की तैयारियों की समीक्षा के लिए उप चुनाव आयुक्त ज्ञानेश भारती अगले सप्ताह कोलकाता पहुचेंगे। बंगाल में एसआईआर अगले माह अक्टूबर से शुरू होना है। इसी के मद्देनजर उप चुनाव आयुक्त यहां अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे और चुनिंदा जिलों का दौरा कर जिला मजिस्ट्रेटों से भी चर्चा करेंगे।

## नेपाल की पहली महिला प्रधानमंत्री को मुख्यमंत्री ममता ने दी शुभकामनाएं



**कोलकाता, समाज्ञा :** 'जेन जेड' आंदोलन से उत्पन्न अशांति को लेकर चिंता जता चुकीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उम्मीद जताई है कि अंतरिम सरकार के दौर में बंगाल और नेपाल का मधुर संबंध कायम रहेगा। शनिवार को उन्होंने नेपाल की अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की को बधाई दी और विश्वास जताया कि दोस्ती और सहयोग अटूट रहेगा। इस दिन, सोशल मीडिया पर ममता ने लिखा कि नेपाल की अंतरिम प्रधानमंत्री के रूप में पदभार ग्रहण करने के लिए मैं माननीय सुशीला कार्की को अपनी शुभकामनाएं देती हूँ। उन्होंने आगे लिखा कि पश्चिम बंगाल की नेपाल के साथ सीमा लगती है और दोनों देशों की जनता के बीच घनिष्ठ संबंध हैं। हम पड़ोसी के रूप में दोस्ती और सहयोग के गहरे बंधन को आगे बढ़ाने के लिए उत्सुक हैं।

## बेटी की शादी के 10 दिन बाद गोल्फ ग्रीन में वृद्ध की रहस्यमयी मौत, दामाद गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** बेटी की शादी के 10 दिन बाद एक वृद्ध की रहस्यमयी मौत का मामला सामने आया है। गोल्फ ग्रीन थाना इलाके में शनिवार को घर की सीढ़ियों पर वृद्ध का रक्तरंजित शव बरामद किया गया। पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पड़ोसियों का आरोप है कि घटना के पीछे मृतक के दामाद का हाथ है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। मृतक के दामाद को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। मृतक की पहचान समिक किशोर गुप्ता (75) के रूप में की गई है। वह केंद्र सरकार का पूर्व कर्मचारी था। उसकी पत्नी बिस्तर पर है। बेटी की शादी 10 दिन पहले हुई थी। पता चला है कि इस दिन, परिवार के सदस्यों ने घर की सीढ़ियों के पास वृद्ध को रक्तरंजित अवस्था में पड़ा देखा था। तुरंत थाने को सूचित किया। पुलिस शव को बरामद करने के लिए गई और उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। लेकिन उसकी मौत कैसे हुई? शुरुआत में चोटों को देखने के बाद, पुलिस ने अनुमान लगाया कि ऊपर से गिरने के बाद उसकी मौत हुई। इससे हत्या की बात और पुख्ता हो गई है। मृतक के पड़ोसियों का दावा है कि वृद्ध का अपने दामाद से कुछ अनबन थी। वे इस मौत के लिए दामाद को ज़िम्मेदार ठहरा रहे हैं। पुलिस ने बताया है कि मृतक के दामाद को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस को उम्मीद है कि गिरफ्तार व्यक्ति से पूछताछ के बाद गुत्थी सुलझ जाएगी।

## 'न्यायपालिका-कार्यपालिका में संतुलन अहम', विदाई समारोह पर बोले हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश

### कल मुख्य न्यायाधीश हो रहे हैं सेवानिवृत्त

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवज्ञानम ने शनिवार को कहा कि न्यायपालिका और कार्यपालिका के बीच संबंधों में कूटनीति यानी राजनय जरूरी है। उन्होंने साफ कहा कि अपने कार्यकाल में उन्होंने हमेशा दोनों पक्षों के बीच एक नाजुक संतुलन बनाए रखने की कोशिश की। शिवज्ञानम ने कहा कि कोलकाता ने उनके कार्यकाल को खास बना दिया। बता दें कि वे अक्टूबर 2021 में कलकत्ता हाई कोर्ट में जज बने और मई 2023 में मुख्य न्यायाधीश के पद पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि हाई कोर्ट का मुखिया होना सिर्फ न्यायिक फैसले देने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें राज्य सरकार और



न्यायपालिका के बीच संतुलन बनाए रखना भी बड़ी जिम्मेदारी है। मुख्य न्यायाधीश ने टाउन हॉल में आयोजित विदाई समारोह में कहा कि न्यायपालिका और कार्यपालिका के बीच राजनय बेहद जरूरी है। न्यायपालिका को कभी भी कार्यपालिका का अधीनस्थ या अधीन महसूस नहीं करना चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि दोनों संस्थाओं का संबंध सहयोग और समझ पर आधारित होना चाहिए।

**❑ ममता बनर्जी और राज्य सरकार की सराहना**

इस दौरान, शिवज्ञानम ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, न्यायिक सचिव सिद्धार्थ कंजीलाल और कानून मंत्री मलय घटक की खुले दिल से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इनकी मदद से राज्य में न्यायिक ढांचे के विकास के कई काम पूरे किए जा सके। उन्होंने कहा कि करीब तीन साल के कार्यकाल में मुख्यमंत्री ने मुझे कभी खाली हाथ नहीं लौटाया।

## शिक्षक भर्ती परीक्षा की उत्तरपुस्तिका अपलोड कर अभ्यर्थियों से राय लेगा आयोग

**कोलकाता :** शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाते हुए स्कूल सर्विस कमीशन (एसएससी) ने बड़ा कदम उठाया है। नवम-दशम शिक्षक भर्ती की लिखित परीक्षा 7 सितंबर को आयोजित हुई थी। आयोग ने निर्णय लिया है कि 19 सितंबर तक परीक्षार्थियों की उत्तरपुस्तिका एसएससी की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी जाएगी।

सूत्रों के अनुसार, उत्तरपुस्तिका अपलोड करने के बाद पांच दिनों तक परीक्षार्थियों से आपत्तियां और सुझाव मांगे जाएंगे। इस दौरान यदि किसी प्रश्न या उत्तर को लेकर परीक्षार्थियों की राय सामने आती है तो उसे विशेषज्ञों की समिति को भेजा जाएगा। विशेषज्ञों की समीक्षा के बाद अंतिम उत्तरपुस्तिका जारी की जाएगी।



इसके बाद एसएससी नवम-दशम शिक्षक भर्ती की लिखित परीक्षा का मेरिट लिस्ट भी प्रकाशित करेगा। इस परीक्षा में राज्यभर से लगभग 91 प्रतिशत से अधिक अभ्यर्थियों ने भाग लिया था। शिक्षा विभाग के सूत्रों के मुताबिक, आयोग पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के लिए यह कदम उठा रहा है।

## नदिया में कबाड़ी का शव झाड़ियों से बरामद

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले के चापड़ा के सीमानगर में एक व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई है। मृतक की पहचान अनारुल मोल्ला (29) के रूप में की गई है। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, वह व्यक्ति गांव-गांव घूमकर कबाड़ का कारोबार करता था। शनिवार की सुबह भी वह इसी काम से बाहर गया था। दोपहर में स्थानीय लोगों ने उसका शव चापड़ा के सीमानगर स्थित एक शराब की दुकान के बगल में झाड़ी में पड़ा देखा। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को बरामद कर चापड़ा ग्रामीण अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत के कारणों का पता लगाने के लिए शव को आज पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा।

## मानव तस्करी के आरोप में दंपत्ति गिरफ्तार, नाबालिग और बच्चा बरामद

**कोलकाता, समाज्ञा :** बैरकपुर पुलिस कमिश्नरेट के एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (एएचटीयू) ने गुप्त सूचना के आधार पर माणिकडांगा इलाके में बड़ी कार्रवाई की। शुक्रवार की देर रात घोला थाना क्षेत्र के माणिकडांगा से 17 वर्षीया एक नाबालिग को एक बच्चे के साथ बरामद किया गया। पुलिस ने मौके से एक दंपति को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के नाम चंद्रा राय (45) और प्रबीर चंद्र राय उर्फ अड्डु चंद्र राय है। दोनों ही घोला थाना अंतर्गत माणिकडांगा के रहने वाले हैं। इस मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 126(2)/127(2)/143/144/95/96/98/61(2)/64/3(5), लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (पोक्सो) 2012 की धारा 4/17 तथा अनैतिक देह व्यापार (निवारण) अधिनियम की धारा 3/4/5/6/7 के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, पीड़िता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ ही पूरे मामले की गहन जांच शुरू कर दी गई है।

!! राधे !! !! राधे !! !! राधे !! !! राधे !!

पितृपक्ष के पावन अवसर पर पावनी गंगा तट पर

श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ

प्रेरणास्रोत स्वर्गीय रामफलजी जिन्दल

प्रेरणास्रोत ब्रह्मलीन जयप्रकाशजी शास्त्री

उपर्युक्त स्पेशल ट्रेन मार्ग में दोनों दिशाओं में गाजियाबाद, अलीगढ़ जंक्शन, टूण्डला जंक्शन, इटावा जंक्शन, गोविंदपुरी, प्रयागराज जंक्शन, जंघाई जंक्शन, प. दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह एन रोड, गया जंक्शन, कोडरमा, पारसनाथ, धनबाद जंक्शन, दुर्गापुर और बैण्डेल स्टेशनों पर भी रुकेगी। **आवागमन की तिथियाँ: नई दिल्ली से - 04452** दिनांक 20/09/2025 से 15/11/2025 तक (प्रतिदिन)=57 ट्रिप और **हावड़ा से - 04451** दिनांक 22/09/2025 से 17/11/2025 तक (प्रतिदिन)=57 ट्रिप। **गठन:** शयनयान श्रेणी-10, साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस) - 6 और एसएलआरडी-2=18 कोच। **कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।
**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**
**पूर्व रेलवे**
हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# भिलाड़िया पार्श्व नाथ मंदिर, भीलड़ी, गुजरात


## हमारी अनजानी धरोहर 80



डॉ. एस. के. सैनी

भीलडी गुजरात के बनासकांठा जिले में है। इस स्थान का महत्व अत्यंत प्राचीन है 13वीं से 14वीं शताब्दी के मध्य यहां पर आचार्य जैन मुनि ने पारसनाथ मंदिर की स्थापना की थी जिसमें काले रंग की भगवान पारसनाथ की प्रतिमा है यह क्षेत्र जैन धर्म के अनुयायियों से भरा पड़ा है।

13वीं शताब्दी में इस स्थान का नाम त्रियंबावती था और यह समृद्ध था। पानी से भरपूर क्षेत्र था। हरा भरा था और यहां के रहने वाले अधिकतर जैन धर्म के अनुयाई थे और समृद्धि भरे वाणिक पुत्र थे। आचार्य जिनपति सूरी ने इस स्थान पर सर्वप्रथम चातुर्मास बिताया और उसके बाद मंदिरों की स्थापना की। कहते हैं कि यहां लगभग 125 मंदिर थे जिनमे विभिन्न देवी देवताओं की मूर्तियां थी इसका नाम लोग बताते हैं कि पहले भीम पाली था यहां पर आचार्य जिनपति सूर्य जी की दीक्षा आचार्य जिन चंद्र सूरी जी ने विक्रम संवत 1218 मे की। आचार्य जिनचंद्र सूरी जी ने ही भिलाडिया पार्श्व नाथ जैन मंदिर का पुनरनिर्माण विक्रम संवत 1318 में करवाया। समय की धारा में बहुत सारा वक्त गुजरता गया और ग्राम एवं नगरी भूकंप की वजह से नष्ट हो गई। उसके पश्चात आनंद नामक भिलाडिया गोत्र धारी ब्राह्मण ने इस नगरी का पुनर्निर्माण किया और लोगों को यहां रहने के लिए आमंत्रित किया जो लोग यहां से घर छोड़कर के चले गए वह भी वापस यही आने के लिए इच्छुक है। वे लोग आए और इस तरह से नगर का पुनर्निर्माण हुआ। इससे पहले जो पड़ोस के नगर थे उन लोगों ने भी पीर सभाओं ने रखते हुएइस जैन मंदिर को अकूत दान दिया, विक्रम संवत 1892 में आचार्य की देखरेख में यहां पर एक नया मंदिर भगवान पारसनाथ का बनाया गया और उसमें काले रंग की प्रतिमा भगवान पारसनाथ के लगाई गई जो अपने में



बेहद अद्भुत थी यह प्रतिमा काले पत्थर पर ऊकेरी गई थी और उसे चमकाया गया था।

भगवान पार्श्वनाथ की मूर्ति है प्रभावशाली और चमत्कारिक है और इसकी आंखें संजीव है ऐसा लगता है कि यह हमें देखकर अपनी करुणा हमारे ऊपर मुंडेल रही और हमें आशीर्वाद दे रही है। लोग बोलते हैं कि यहां पर आने वाले लोगों की इच्छाएं मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और यहां पौष के महीने में एक विराट विस्तृत मेला लगता है जिसमें काफी श्रद्धालु आते है।

विक्रम संवत 2037 में यहां पर अंजन शलाका प्रतिष्ठा महोत्सव भगवान पारसनाथ की प्रतिमा स्थापना का मनाया गया जिसमें दूर-दूर से प्रतिष्ठित जैन धर्म के आचार्य और श्रद्धालु पहुंचे।

यह स्थान गुजरात के इतिहास में महत्वपूर्ण स्थान रखता है और यह स्थान छोटा है किंतु हमारे जैन धर्म की प्राचीन धरोहर है अभी भी यहां पर खुदाई का काम चल रहा है और कई सारे पुराने आर्टीफैक्ट्स निकलते ही रहते है।

# किचन को बनाएं जर्म फ्री

शिवांगी झाँब

अपने घर के साथ-साथ किचन की सफाई भी जरूरी है। सिर्फ बरतनों का साफ रहना जरूरी नहीं है बल्कि बरतन साफ करने वाला स्पंज, बरतनों को पोंछने वाला कपड़ा और सिंक भी साफ रहना चाहिए क्योंकि इसमें ही सबसे ज्यादा कीटाणु पाए जाते हैं। किचन की सफाई ठीक प्रकार से कैसे करें:-

◆ बरतन धोने वाले स्क्रबर को काम करने के बाद एंटीसैप्टिक लोशन से रिंस करके फिर सुखा कर रखें और साबुन को ढक कर रखें।

◆ किचन सिंक को भी बर्तन धोने के बाद साफ करें। उसके लिए आप विम पाउडर का इस्तेमाल कर सकती हैं या फिर सिरका और पानी मिलाकर साफ कर सकती हैं।

◆ बरतन पोंछने के लिए डस्टर, हाथ पोंछने के लिए तौलिए और स्लैब के लिए नैपकिन को हमेशा अलग रखें और साफ रखें।

◆ अपने वर्किंग स्पेस का साफ रखें। इसके लिए किचन स्लैब व गैस चूल्हे को पहले साबुन से फिर कपड़े से साफ सुथरा रखें।

◆ आपका खाने पीने का सामान बचने के बाद हमेशा फ्रिज में ही जाता है इसलिए फ्रिज को सप्ताह में 1 बार अवश्य साफ करें। इसके लिए आप मैडिकेटेड डिटरजेंट का इस्तेमाल कर सकती हैं।

◆ किचन की नालियों में कूड़ा कचरा न रहने दें ताकि बैक्टीरिया न पनपे। उन्हें साफ रखें।

◆ सब्जी काटने वाले बोर्ड को साफ रखना बेहद जरूरी है क्योंकि उसमें अधिक बैक्टीरिया पनपते हैं। वैज और नॉनवेज के लिए बोर्ड अलग रखें।

◆ किचन के डस्टबिन को सप्ताह में एक बार साफ करें और कचरा डालने के लिए उसमें पॉलिथिन अवश्य लगाएं।

◆ एग्जॉस्ट फैन, कैबिनेट हैंडल, चिमनी आदि को भी साफ रखें।

◆ किचन की खिड़कियों और जालियों



को साफ रखें।

◆ माइक्रोवेव, ओवन, टोस्टर आदि को भी सप्ताह में 1 बार अवश्य साफ करें।

◆ मिक्सी प्रयोग के बाद धोकर,सुखाकर रखें।

◆ फल, सब्जी काटने के बाद चाकू को धोकर पोंछकर रखें। (उर्वशी)

# संतानों की मंगल कामना, दीर्घायु जीवन व वंश वृद्धि के लिए जीवित्पुत्रिका व्रत



अशोक प्रवृद्ध

आश्विन मास के कृष्ण पक्ष की प्रदोषकाल-व्यापिनी अष्टमी के दिन स्त्रियों के द्वारा जीवित्पुत्रिका व्रत किये जाने की पौराणिक परिपाटी है। यह व्रत संतानों की मंगल कामना, वंश वृद्धि, स्वस्थता, सबलता, दीर्घायु और समस्त कष्ट निवारण हेतु स्त्रियों के द्वारा की जाती है। सामाजिक और पारिवारिक संरचना को मजबूती प्रदान करने वाली जीवित्पुत्रिका व्रत को ग्रामीण इलाके में जिऊतिया अथवा जितिया के नाम से भी जाना जाता है। सामान्य तौर पर जीवित्पुत्रिका व्रत का अर्थ होता है - जीवित पुत्र के लिए रखा जाने वाला व्रत। इस व्रत को सभी सौभाग्यवती स्त्रियां तो रखती ही हैं, निःसन्तान स्त्रियां भी पुत्र कामना व सिर्फ पुत्रियों की माताएं भी पुत्री की स्वस्थता और दीर्घायु के लिए रखती हैं। झारखण्ड, बिहार, छतीसगढ़, उत्तरप्रदेश सहित देश के कई भागों में महिलाएं आश्विन कृष्ण अष्टमी के दिन अपने जीवित पुत्रों के मंगल कामना के लिए चौबीस घंटे निर्जला व निराहार व्रत रखकर बड़ी श्रद्धा भाव और विधि - विधानपूर्वक जीवित्पुत्रिका व्रत करती हैं। व्रतिनियों के द्वारा स्नान-भोजन के बाद पितरों की पूजा किये जाने की परम्परा है।

पौराणिक मान्यतानुसार कैलाश पर्वत पर भगवान शंकर माता पार्वती को कथा सुनाते हुए कहते हैं कि आश्विन कृष्ण अष्टमी के दिन उपवास रखकर सायं प्रदोषकाल में जीमूतवाहन की पूजा करने और कथा सुनने के बाद आचार्य को दक्षिणा देने वाली स्त्रियां पुत्र-पौत्रों का पूर्ण सुख प्राप्त करती है। व्रत का पारण दूसरे दिन अष्टमी तिथि की समाप्ति के पश्चात किया जाता है। यह व्रत अपने नाम के अनुरूप फल देने वाला है। पौराणिक विधि विधानानुसार स्नान से पवित्र होकर संकल्प के साथ व्रती प्रदोष काल में गाय के गोबर से पूजा स्थल को लीपकर स्वच्छ कर वहां एक छोटा सा तालाब बना लेना चाहिए। और तालाब के निकट एक पीपल की डाल अर्थात तना लाकर गाड़ देना चाहिए । कहीं-कहीं पीपल के स्थान पर पलाक्ष अर्थात पाकड़ की डाली गाड़े जाने की भी प्रथा है। शालिवाहन राजा के पुत्र धर्मात्मा जीमूतवाहन की कुशनिर्मित मूर्ति जल अथवा मिट्टी के पात्र में स्थापित कर उन्हें पीली और लाल रुई से अलंकृत कर धूप, दीप, अक्षत, फूल, माला एवं विविध प्रकार के नैवेद्यों से पूजन करना चाहिए। मिट्टी तथा गाय के गोबर से मादा चील और मादा सियार की मूर्ति बना उन दोनों के मस्तकों पर लाल सिन्दूर लगा देना चाहिए। अपने वंश की वृद्धि और प्रगति के लिए उपवास कर बांस के पत्रों से पूजन करने के पश्चात जीवित्पुत्रिका व्रत एवं महात्म्य की कथा का श्रवण करना उत्तम माना गया है।



पौराणिक मान्यता के अनुसार जीवित्पुत्रिका व्रत करने वाली स्त्रियों के बच्चों के जीवन में सुख शांति बनी रहती है और उन्हें संतान वियोग नहीं सहना पड़ता। इस दिन महिलाएं पितरों का पूजन कर उनकी लंबी आयु की भी कामना करती हैं। जीवित्पुत्रिका व्रत के सम्बन्ध में अनेक पौराणिक कथाएं प्रचलित हैं। इनमे से एक कथा के अनुसार प्राचीन काल में एक बीहड़ जंगल में चील और लोमड़ी घूम रहे थे, तभी उन्होंने मनुष्य जाति को इस व्रत को विधि पूर्वक करते देखा एवं उससे संबंधित कथा सुनी। उस समय चील ने इस व्रत को बहुत ही श्रद्धा के साथ ध्यानपूर्वक देखा, वहीं लोमड़ी का ध्यान इस ओर बहुत कम था। इसके प्रभाव से चील के संतानों और उनकी संतानों को कभी कोई हानि नहीं पहुंची, लेकिन लोमड़ी की संतान जीवित नहीं बची। इस प्रकार इस व्रत का महत्व बहुत अधिक बताया जाता हैं।

जीवित्पुत्रिका व्रत के संबंधित एक कथा पौराणिक पात्र जीमूतवाहन की कथा से जुड़ी है। कथा के अनुसार अतिप्राचीन काल में गन्धर्वों के राजकुमार जीमूतवाहन बड़े उदार और परोपकारी हुए। जीमूतवाहन के पिता ने वृद्धावस्था में वानप्रस्थ आश्रम ग्रहण कर वन गमन के समय राजकुमार जीमूतवाहन को राजसिंहासन पर बैठा दिया, परंतु जीमूतवाहन का मन सांसारिक सुख व राज-पाट में तनिक भी नहीं लगता था। इसलिए वे राज्य का भार अपने भाईयों पर छोड़कर स्वयं वन में पिता की सेवा करने चले गए। वन में उनका विवाह मलयवती नामक राजकन्या से हो गया। एक दिन जीमूतवाहन भ्रमण करते हुए काफ़ी दूर चले गए। तब उन्हें एक वृद्धा विलाप करते हुए मिली। जीमूतवाहन के द्वारा रोने का कारण पूछने पर वृद्धा ने रोते हुए बताया- मैं नागवंश की स्त्री हूं, और मुझे एक ही पुत्र है। पक्षिराज गरुड़ के समक्ष नागों ने उन्हें प्रतिदिन भक्षण हेतु एक नाग सौंपने की प्रतिज्ञा की हुई है। आज मेरे पुत्र शंखचूड़ की बलि का दिन है। जीमूतवाहन ने वृद्धा को आश्वस्त करते हुए कहा- डरो नहीं, मैं तुम्हारे पुत्र के प्राणों की रक्षा करूंगा। आज तुम्हारे पुत्र के स्थान पर मैं स्वयं अपने- आपको उसके लाल कपड़े में ढंककर वध्य-शिला पर लेट जाऊंगा। इतना कहकर जीमूतवाहन ने शंखचूड़ के हाथ से लाल कपड़ा ले लिया और वे उसे लपेटकर गरुड़ को बलि देने के लिए चुनी गई वध्य-शिला पर लेट गए। नियत समय पर गरुड़ बड़े वेग से आए और लाल कपड़े में ढंके जीमूतवाहन को पंजे में दबोचकर पहाड़ के शिखर पर जाकर बैठ गए। अपने चंगुल में गिरफ्तार प्राणी की आंख में आंसू और मुंह से आह निकलता न देखकर गरुड़ बड़े आश्चर्य में पड़ गए। उन्होंने जीमूतवाहन से उनका परिचय पूछा। जीमूतवाहन ने सम्पूर्ण कथा कह सुनाया। गरुड़ उनकी बहादुरी और दूसरे की प्राण-रक्षा करने में स्वयं का बलिदान देने की हिम्मत से बहुत प्रभावित हुए, और प्रसन्न होकर गरुड़ ने उनको जीवनदान दे दिया तथा नागों की बलि न लेने का वरदान भी दे दिया। इस प्रकार जीमूतवाहन के अदम्य साहस से नाग जाति की रक्षा हुई और तब से पुत्र की सुरक्षा हेतु जीमूतवाहन की पूजा की प्रथा शुरू हो गई।

जीवित्पुत्रिका व्रत से सम्बन्धित एक अन्य कथा महाभारत काल से जुडी हुई है। कथा के अनुसार महाभारत के युद्ध में अश्वत्थामा नामक हाथी जब मारा गया, तो चारों तरफ यह खबर फैल गई कि द्रोणाचार्य पुत्र अश्वत्थामा मारा गया। यह सुनकर अश्वत्थामा के पिता गुरु द्रोणाचार्य ने शोक में अस्त्र डाल दिए, तब द्रौपदी के भाई धृष्टद्युम्न ने उनका वध कर दिया। इसके कारण अश्वत्थामा के मन में प्रतिशोध की अग्नि जल उठी। अपने पिता की मृत्यु का बदला लेने के लिए पाण्डवों की अनुपस्थिति में कृतवर्मा और कृपाचार्य को साथ लेकर अश्वत्थामा ने पांडवों के शिविर में प्रवेश किया। अश्वत्थामा ने द्रौपदी के पुत्रों को पांडव समझकर उनके सिर काट दिए। इसके कारण पांडवों को अत्यधिक क्रोध आ गया। दूसरे दिन अर्जुन कृष्ण भगवान को साथ लेकर अश्वथामा की खोज में निकल पड़े और उसे बन्दी बना लिया। धर्मराज युधिष्ठर और श्रीकृष्ण के परामर्श पर अश्वत्थामा के सिर की मणि लेकर तथा केश मूंड़कर उसे बन्धन से मुक्त कर दिया। अश्वत्थामा ने अपमान का बदला लेने के लिये अमोघ अस्त्र का प्रयोग पांडवों के वशंधर उत्तरा के गर्भ पर कर दिया। पांडवों ने श्रीकृष्ण से उत्तरा के गर्भ की रक्षा की प्रार्थना की। भगवान श्रीकृष्ण ने सूक्ष्म रूप से उत्तरा के गर्भ में प्रवेश करके उसकी रक्षा की। किन्तु उत्तरा के गर्भ से उत्पन्न हुआ बालक मृतप्राय था। भगवान श्रीकृष्ण ने उसे प्राण दान दिया। वही पुत्र पाण्डव वंश का भावी कर्णाधार परीक्षित हुआ। परीक्षित को इस प्रकार जीवनदान मिलने के कारण इस व्रत का नाम जीवित्पुत्रिका पड़ा। उस समय से ही स्त्रियां आश्विन कृष्ण अष्टमी तिथि को निर्जला व्रत रखती हैं। मान्यता है कि इस व्रत के प्रभाव से भगवान श्री कृष्ण व्रती स्त्रियों की संतानों की रक्षा करते हैं।

# त्वचा के निखार के आसान टिप्स



सोनी मल्होत्रा

हर स्त्री की चाहत होती है कि उसकी त्वचा कोमल, स्वस्थ व आभायुक्त हो पर क्या अच्छी त्वचा सौंदर्य प्रसाधनों के प्रयोग से ही पाई जा सकती है। अच्छी त्वचा पाने के लिए उसकी नियमित देखभाल की आवश्यकता होती है। जिनकी त्वचा स्वस्थ व अच्छी है उन्हें भी इसे बरकरार रखने के लिए इसकी देखभाल करनी पड़ती है।

चेहरे की त्वचा के सौंदर्य के प्रति तो महिलाएं प्रारंभ से ही सचेत रही हैं और उसके सौंदर्य को बढ़ाने के लिए तरह-तरह के उपाय भी करती हैं पर हमारी त्वचा को धूल कण, प्रदूषण, मेकअप आदि का सामना करना पड़ता है और अगर प्रतिदिन इसकी सफाई के प्रति गंभीरता न बरती जाए तो त्वचा मुंहासों, ब्लेकहैड्स और कालेपन का शिकार बन जाती है।

जब सौंदर्य प्रसाधनों का निर्माण नहीं होता था तब भी महिलाएं यह जानती थी कि सिर्फ पानी से ही त्वचा को साफ व आभायुक्त नहीं रखा जा सकता, इसलिए बेसन, दूध व अन्य प्राकृतिक सौंदर्य प्रसाधनों से चेहरे में निखार लाती थी। अब चूंकि सौंदर्य प्रसाधनों की उपलब्धता हो गयी है इसलिए त्वचा को निखारना और आसान हो गया है।

**आइए जानें त्वचा के निखार के कुछ आसान टिप्स:-**

❊ त्वचा की क्लीजिंग के लिए अच्छे क्लीजिंग मिल्क का प्रयोग नियमित करें।

❊ अगर आपकी त्वचा ऑयली है तो एस्ट्रिंजेंट का प्रयोग करें। माइल्ड एस्ट्रिंजेंट पैक जैसे खीरे, चंदन या लेमन पैक का प्रयोग गर्मियों में करें।

❊ चेहरे को गर्म पानी से साफ न करें। यह त्वचा को रूखा बनाता है।

❊ अगर आपको पसीना बहुत आता है तो चेहरा पानी से साफ करने के पश्चात् एक बर्फ का टुकड़ा ले कर उसे चेहरे पर मलें।

❊ अगर आपकी त्वचा रूखी है तो आप किसी अच्छी नरिशिंग क्रीम का प्रयोग रात को सोने से पूर्व चेहरे पर करें। विटामिन ई युक्त क्रीम का प्रयोग भी चेहरे की त्वचा को पोषण देता है।

❊ हर किस्म की त्वचा और हर उम्र में त्वचा पर माश्चराइजर का प्रयोग बहुत जरूरी है।

❊ अगर आपकी त्वचा आयली है तो गर्मियों में आपको ज्यादा परेशानी होती है। चेहरे की त्वचा पर एस्ट्रिंजेंट क्रीम का प्रयोग त्वचा के तैलीयपन को कम करेगा और रोमछिद्रों की सफाई भी। ऐसी त्वचा पर मुंहासे भी जल्दी होते हैं, इसलिए त्वचा की सफाई अच्छी तरह से करें। चेहरे को 2-3 बार फेसवाश से साफ करें। किसी अन्य तैलीय मेकअप प्रसाधन को चेहरे पर न लगाएं।

❊ बहुत ज्यादा धूप त्वचा के लिए हानिकारक है। यह त्वचा में कोलोजन और इलास्टिक टिश्यू को नष्ट कर देती है इसलिए सनस्क्रीन का प्रयोग घर से बाहर निकलते समय अवश्य करें। (उर्वशी)

# बाल कविताएं

## पकौड़े

ओमप्रकाश बजाज

कहीं पकौड़े, कहीं भजिये
कहलाते हैं
चटखारे ले कर हर जगह खाये
जाते हैं
बेसन तेल मसालों से ये बनाये
जाते हैं
हरे धनिया की चटनी, टमाटर
की सास
इनका स्वाद बढ़ाते हैं
साबुत हरी मिर्च के भजिये का
अलग
टेस्ट है, खाने का अपना मजा है।
इस चटपटे व्यंजन को खाने का
सब का बार बार मन करता है।
बरसात में पकौड़े घर घर में
बनते हैं
बच्चे बूढ़े सब इनका आनंद
लेते हैं।

## बिजली

बिजली आज की बड़ी जरूरत है
बिना बिजली जीवन मुश्किल है।
घर दुकान दफ्तर कल कारखाने
बिजली के बिना सब ठप्प हैं।
टीवी फ्रिज वाशिंग मशीन
कम्प्यूटर
बिजली से ही सब चलते हैं।
मोबाइल फोन भी तो बिना
बिजली
चार्ज नहीं होते हैं।
बिजली से रात भी दिन हो
जाती है
अब तो रेलें भी बिजली से आती
जाती हैं
बिजली का अपव्यय रोकना
जरूरी है
यह हम सब की पहली जिम्मेदारी
है। (उर्वशी)

# कैसे पेश आएं पति के ऐसे मित्रों से

भारत भूषण श्रीवास्तव

गृहिणी को प्रायः ऐसी मुसीबतों से दो-चार होना पड़ता है जहां पति के मित्र उसके लिए सिरदर्द बन जाते हैं। आम तौर से उस समय जब पति घर में नहीं होते और मित्र महाशय दोस्ताना और कभी-कभी अभद्रता करने पर भी उतर आते हैं। संयुक्त परिवारों में उसे सास-ससुर, ननद-देवर का डर रहता है, वहीं एकल परिवार में अड़ोसी-पड़ोसियों का। पति के ऐसे मित्रों की समस्या संयुक्त परिवारों में कम ही देखने में आती है क्योंकि पति के मित्र जिस मूड में आते हैं उसे सास-ससुर, देवर-ननद की उपस्थिति में निपटा जा सकता है।

इसके लिए आवश्यक है कि पत्नी स्वयं के व्यवहार का विश्लेषण करे कि पति के विभिन्न मित्र अलग-अलग व्यवहार से क्यों पेश आते हैं। इसके तह में एक ही तथ्य है कि जैसा व्यवहार आपका जिसके प्रति है, उसका भी आपके प्रति वैसा ही व्यवहार होगा। इस विश्लेषण में एक और तथ्य जो सामने आता है, वह पत्नी की पसंद-नापसंद का है। इसके समक्ष पारिवारिक घनिष्ठता और पति की अपने मित्रा विशेष के प्रति आत्मीयता भी कोई मायने नहीं रखती।

मूल विषय से हटकर चर्चा लम्बी हो सकती है लेकिन सतह से तह में जाने वालों को भी नकारा नहीं जा सकता।

### समाधान स्वयं खोजें

यह कोई मुश्किल काम नहीं है। पति के चिपकू और लम्पट किस्म के मित्रों से बचने में कुछ उपाय कारगर साबित हो सकते हैं। मसलन इस मुसीबत को पैदा ही न होने देना और अगर हो भी गई है तो निम्न समाधानों से इसे हल भी किया जा सकता है: -

❊ पति के सभी मित्रों से समान रूप से पेश आएं।

❊ यदि पति के किसी मित्र का व्यक्तित्व या गुण विशेष आपको प्रभावित करता भी है तो उसकी प्रशंसा नपे तुले शब्दों में ही व्यक्त करें न कि उसकी अनुयायी बन जायें।

❊ पति की अनुपस्थिति में मित्रों को दरवाजे से ही टरकाने की कोशिश करें। यदि संयुक्त परिवार में हैं तो उन्हें बजाय अलग एकांत में बैठाने के सास या ससुर के हवाले कर अपने काम में लग जाएं।



❊ भद्दे मजाक व अनावश्यक स्पर्शो से बचें।

❊ पति के मित्रों को ज्यादा-लिफ्ट न दें खासतौर से अविवाहितों को।

❊ उपेक्षा का भाव समयानुसार रखें।

❊ मित्र की बातों मसलन चुटकुला या कोई मजाक आदि पर जरूरत से ज्यादा उत्साह न प्रदर्शित करें।

❊ मित्र मण्डली में पति के 'मूड' का ख्याल रखें।

❊ यदि कोई पति मित्र समस्या लेकर आपके पास आता है तो स्पष्ट रूप से अपनी राय या समाधान देने से इंकार करें।

❊ एकांत से बचें।

❊ जहां तक संभव हो, पति के मित्रों से सलाह या मशवरा न करें। सामाजिक समारोहों वगैरह के आमंत्रण में बगैर पति के न जायें।

❊ यदि किसी पति मित्र का स्वभाव या आचरण आपको पसंद नहीं तो उसे साफ-साफ शब्दों में समझा दें। इसके बाद भी वे बाज न आये तो पति से शिकायती चर्चा करें।

❊ पति से कभी भी किसी मित्र के संबंध में अनावश्यक चर्चा या जानकारी न लें।

❊ यदि कोई पति मित्र आपके किसी कार्य की प्रशंसा करता है तो तटस्थ भाव से आभार प्रदर्शित कर दें।

❊ परिवारजनों का विशेष रूप से ध्यान रखें। पति के मित्रों के सामने उनकी उपेक्षा न करें अन्यथा इसे पति का मित्र गलत समझ सकता है।

❊ पति से स्पष्ट राय मांगें कि आपको कैसे उनके मित्रों से पेश आना है।

❊ यह बातें हमेशा ध्यान रखनी जरूरी हैं क्योंकि जीवन आपको पति के साथ गुजारना है, मित्रों के साथ नहीं। याद रखिए पति के मित्र कभी भी आपके मित्र नहीं हो सकते। गृह कलह और तनाव से बचने हेतु यह आवश्यक है कि पति की नहीं, उनके मित्रों की उपेक्षा की जाये। इसमें यह सोचकर चुप न रहें या हिचकिचाएं नहीं कि कहीं यह गलत हो या पति नापसंद करें।

❊ सभ्यता और घरेलू दायरे में रहना चिपकू पति मित्रों के लिए सबसे अच्छा सबक है। किसी भी तरह की अभद्रता या अश्लीलता का जवाब एक अच्छा खासा झापड़ है। इसके परिणाम की चिंता न करें बल्कि यदि ऐसा नहीं किया जाये तो इसके बारे के परिणाम सोच से परे भी हो सकते हैं जो परिवार के हित में नहीं हो सकते।

### पति की भूमिका

आजकल अधिकांश पति पत्नी को 'फ्रेंक' देखना वाहते हैं, साथ ही पत्नी की ऐसी कोई हरकत भी बर्दाश्त नहीं करना चाहते जिससे उनके अहं को ठेस पहुंचे। दोहरी मानसिकता से ग्रस्त ऐसे पतियों के साथ ही मित्र व पत्नी को लेकर समस्या होती है। इसलिए यह जरूरी है कि पति अपना रूख इस मामले में स्पष्टत पत्नी को बता दें। साथ ही बेवजह शक से भी बचें।

पत्नी को मित्रों के मामले में छूट किसी भी तरह की एक सीमा तक ही पति दे सकता है। यह हद प्रायः उसके अहं के दायरे के आकार पर निर्भर करती है।

किसी तीसरे की वजह से भले ही वह पति का मित्र हो, मनमुटाव पैदा हो तो दोनों की गलती बराबर मानी जायेगी। एक तरफा दोष देना सरासर ज्यादती होगा। (उर्वशी)

# रेसिपी कार्नर: कुछ भूले बिसरे व्यंजन





खुंजरि देवांगन



## मीठी मठरी

**सामग्री:** सिंघाड़े का आटा एक कप, राजगिरी का आटा एक कप, पिसी इलायची एक छोटा चम्मच, तेल मोयन व तलने के लिए, चीनी आधा कप, सेंधा नमक एक चौथाई छोटा चम्मच।

**ऐसे बनाएं:** सिंघाड़े का आटा, राजगिरी का आटा, सेंधा नमक व दो से तीन बड़े चम्मच तेल मिलाएं। अब एक कप पानी में चीनी घोलें और इस मीठे पानी से आटे को थोड़ा सख्त गूंथ लें और फिर छोटी-छोटी मठरी बनाएं। इन्हें गर्म तेल में तल लें।

## फिरनी

**सामग्री:** दूध आधा लिटर, सांवक के चावल दो बड़े चम्मच, पिसी इलायची एक छोटा चम्मच, चीनी तीन बड़े चम्मच, केसर 10 रेशे, पिस्ता कतरन और चांदी का वर्क सजाने के लिए।

**ऐसे बनाएं:** सबसे पहले चावल को धो कर एक घंटे के लिए भीगने दें। फिर इसे पीस कर महीन पेस्ट बना लें। दूध को आंच पर रखें। दो-चार उबाल आने पर इसमें चावल का पेस्ट मिलाएं और बीच-बीच में हिलाते रहें जिससे ये तले में लगने न पाए। गाढ़ा होने पर इसमें चीनी व पिसी इलायची मिला कर दो-चार मिनट और पकाएं। तैयार फिरनी को चांदी के वर्क व पिस्ता कतरन से सजा कर ठंडा-ठंडा सर्व करें।

## मीठे मखाने

**सामग्री:** फूल मखाने 100 ग्राम, पिसी चीनी पौन कप, इलायची पाउडर एक छोटा चम्मच।

**ऐसे बनाएं:** सबसे पहले फूल मखानों को हल्का सेंक कर अलग रखें। अब कड़ाही में पिसी चीनी डाल कर गैस पर रखें व धीमी आंच पर इसे लगातार हिलाते हुए पकाएं। जब चीनी पूरी तरह पिघल जाए तो इसमें इलायची पाउडर व सेके हुए मखाने डालें। तेजी से हाथ चलाते हुए मिलाएं जिससे चीनी की परत इन मखानों पर चढ़ जाए।

अब इन्हें कड़ाही से निकाल कर किसी थाली या प्लेट में फैला कर ठंडा होने दें तथा जो आपस में चिपक गए हों, उन्हें हाथ से तोड़ कर अलग कर लें। तैयार मखानों को पूरी तरह ठंडा हो जाने पर एयर टाइट जार में भरें। (उर्वशी)



# एशिया कपः आज भारत-पाकिस्तान मुकाबले में भारत का पलड़ा भारी, लेकिन उत्साह फीका




**दुबई :** सूर्यकुमार यादव की अगुआई वाली भारतीय टीम रविवार को एशिया कप में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ यहां होने वाले मुकाबले में प्रबल दावेदार होगी। दिलचस्प बात है कि सीमा पर हालिया तनाव और आतंकवादी हमलों के बावजूद इस 'हाई-प्रोफाइल' मैच को लेकर उत्साह की कमी दिख रही है। चार महीने बाद भारत में होने वाले टी20 विश्व कप को देखते हुए यह मैच अहम है। हालांकि कई वर्षों में पहली बार भारत-पाक मैच में वह जुनून नजर नहीं आ रहा जो आमतौर पर इन दोनों टीमों के बीच देखने को मिलता है। टिकटों की बिक्री धीमी है और अभ्यास सत्रों में भी दर्शक कम दिखे। कागज पर भारतीय टीम पाकिस्तान से कहीं अधिक संतुलित और खतरनाक लगती है। शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव, अभिषेक शर्मा जैसे बल्लेबाज और जसप्रीत बुमराह जैसे तेज गेंदबाज के साथ कुलदीप यादव व वरुण चक्रवर्ती की स्पिन जोड़ी भारत को बढ़त देती है। पाकिस्तान नए कप्तान सलमान अली आगा की अगुवाई में नई पहचान बनाने की कोशिश कर रहा है। स्पिन विभाग इस मुकाबले की कुंजी बन सकता है। पाकिस्तान के अबरार अहमद और सूफियान मुकीम भारतीय बल्लेबाजों को चुनौती देंगे तो कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती पाकिस्तान के बल्लेबाजों के लिए सिरदर्द साबित हो सकते हैं। शाहीन शाह अफरीदी पाकिस्तान के सबसे खतरनाक गेंदबाज बने रहेंगे, हालांकि घुटने की सर्जरी के बाद उनका पुराना प्रभाव कम हुआ है। भारत का बल्लेबाजी क्रम - गिल, अभिषेक, संजू सैमसन, सूर्यकुमार, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या और शिवम दुबे - किसी भी गेंदबाजी आक्रमण पर हावी हो सकता है। पाकिस्तान को सबसे ज्यादा चिंता इसी लाइन-अप से है।

## विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप : पहले दिन भारत का निराशाजनक प्रदर्शन

**जगरेब (क्रोएशिया) :** भारतीय पहलवानों ने विश्व चैम्पियनशिप में निराशाजनक शुरूआत की और पहले दिन शनिवार को ही चार पहलवान हारकर बाहर हो गए। पुरूषों के 61 किलो फ्रीस्टाइल वर्ग में उदित को किर्गीस्तान के तैयबेक यूलू ने 2-0 से हराया। वहीं 70 किलो वर्ग में रोहित को उजबेकिस्तान के बेगिजोन कुलदाशेव ने 5-4 से मात दी। उजबेक पहलवान के अगले दौर में हारने से उनके रेपेशॉज में खेलने की उम्मीदें भी खत्म हो गईं। वहीं 86 किलो वर्ग में मुकुल दहिया को अमेरिका के जाहिद वालेंशिया ने 10-0 से हराया। वालेंशिया क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं और उनके फाइनल में पहुंचने पर दहिया को रेपेशॉज खेलने का मौका मिल सकता है। हैवीवेट 125 किलो वर्ग में रजत रूहाल को हंगरी के व्लागिस्लाव बालसाजेव ने 5-2 से हराया। पहले दिन अब भारत की उम्मीदें दहिया के रेपेशॉज खेलने की संभावना पर टिकी हैं।

## हांगकांग ओपन सुपर 500: लक्ष्य सेन, सात्विक-चिराग की जोड़ी फाइनल में

**हांगकांग :** भारतीय बैडमिंटन को शनिवार को दोहरी सफलता मिली जब लक्ष्य सेन और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी-चिराग शेट्टी की जोड़ी हांगकांग ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंच गई। अल्मोड़ा के 23 वर्षीय और 2021 विश्व चैम्पियनशिप के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन ने पुरुष एकल सेमीफाइनल में चीनी ताइपे के नौवें वरीय चोउ तियेन चेन को 23-21, 22-20 से हराकर दो साल बाद किसी बड़े टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। इससे पहले उन्होंने जुलाई 2023 में कनाडा ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया था और दिसंबर 2023 में लखनऊ में सैयद मोदी इंटरनेशनल सुपर 300 खिताब जीता था। विश्व रैंकिंग में 20वें स्थान पर काबिज लक्ष्य अब फाइनल में चीन के दूसरी वरीयता प्राप्त लि शि फेंग से भिड़ेंगे।

## विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपनी ताकत परखेगी भारतीय महिला क्रिकेट टीम




**मुल्लांपुर :** घरेलू महिला विश्व कप से पहले भारतीय टीम रविवार से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू हो रही तीन मैचों की वनडे श्रृंखला में अपनी तैयारियों को मजबूत करने के साथ-साथ इस मजबूत प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ पिछली हार का हिसाब बराबर करने के इरादे से मैदान में उतरेगी। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम को इस श्रृंखला से संयोजन और रणनीति को अंतिम रूप देने का सुनहरा मौका मिलेगा। पिछले साल दिसंबर में ऑस्ट्रेलिया में खेले गए तीन मैचों की वनडे श्रृंखला में भारत को 0-3 से हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद भारतीय टीम ने शानदार वापसी करते हुए आयरलैंड को 3-0 से हराया, श्रीलंका में त्रिकोणीय श्रृंखला जीती और इंग्लैंड दौरे पर भी टी20 (3-2) व वनडे (2-1) श्रृंखला में जीत दर्ज की। तेज गेंदबाज रेणुका सिंह स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण नौ महीने बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी कर रही हैं। मुख्य चयनकर्ता नीतू डेविड ने उनकी वापसी को अहम बताते हुए कहा कि रेणुका टीम के लिए अनमोल खिलाड़ी हैं। रेणुका के साथ क्रांति गौड़ और अरुंधति रेड्डी तेज गेंदबाजी आक्रमण को मजबूती देंगी। स्पिन विभाग में दीप्ति शर्मा, राधा यादव, स्नेह राणा और युवा श्री चारानी शामिल हैं।

### खेल में सुधार से ऑस्ट्रेलिया को हराने का आत्मविश्वास आया हैः हरमनप्रीत

**मुल्लांपुर :** भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने महिला टीम की फिटनेस और क्षेत्ररक्षण में सुधार का हवाला देते हुए कहा कि उनकी टीम के पास बेहद मजबूत ऑस्ट्रेलिया को हराने की क्षमता है। भारतीय टीम रविवार से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की वनडे श्रृंखला में भाग लेगी। भारतीय टीम इस महीने के आखिरी में शुरू होने वाले विश्व कप से पहले इस श्रृंखला से अपनी तैयारियों को परखना चाहेगी। हरमनप्रीत ने शनिवार को यहां कहा कि ऑस्ट्रेलियाई टीम अपने देश में बेहतर सेटअप के कारण दुनिया में दबदबा बनाए हुए है, लेकिन अब भारतीय टीम भी उसी तरह की क्रिकेट से उन्हें चुनौती देने की स्थिति में आ गई है।

## ईशा ने महिला एयर पिस्टल में स्वर्ण पदक जीतकर भारत के पदकों का सूखा खत्म किया





**निंगबो (चीन) :** ओलंपियन और मौजूदा मिश्रित टीम पिस्टल विश्व चैंपियन ईशा सिंह ने शनिवार को यहां आईएसएसएफ विश्व कप राइफल/पिस्टल में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर भारत के पदकों के सूखे को खत्म किया। निंगबो ओलंपिक स्पोर्ट्स सेंटर में 20 वर्षीय ईशा ने एक रोमांचक फाइनल में स्थानीय खिलाड़ी याओ कियानक्सुन को 0.1 अंक से हराया। दक्षिण कोरिया की मौजूदा ओलंपिक चैंपियन ओह येजिन ने कांस्य पदक जीता। इस स्पर्धा में यह ईशा का पहला विश्व कप स्वर्ण पदक है और इसने भारत को पदक तालिका में पांचवें स्थान पर पहुंचने में मदद की। भारत के साथ चार और देश एक स्वर्ण पदक के साथ तालिका में संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर है। मेजबान चीन दो स्वर्ण, चार रजत और एक कांस्य के साथ पदक तालिका में शीर्ष पर है। भारत ने इस टूर्नामेंट में हर स्पर्धा में अपने चौथे से छठे क्रम के निशानेबाजों को उतारा है। ईशा ने स्वर्ण पदक जीतने के बाद कहा, 'मैं बहुत खुश हूं क्योंकि यह पहली प्रतियोगिता थी जिससे मैंने शुरुआत की और इसमें विश्व कप का स्वर्ण पदक जीता।' उन्होंने आगे की चुनौतियों के बारे में पूछे जाने पर कहा, 'हां, जाहिर है कि इस साल की अगली सबसे बड़ी प्रतियोगिता विश्व चैंपियनशिप है। हम इसके लिए बहुत कड़ा अभ्यास कर रहे हैं और मुझे यकीन है कि आपको काहिरा में भारतीय टीम से बहुत अच्छी चीजे देखने को मिलेंगी।' ईशा और उनकी साथी रिदम सांगवान ने 578 के समान स्कोर के साथ फाइनल के लिए क्वालीफाई किया, जिससे उन्हें अंतिम दो उपलब्ध स्थान प्राप्त हुए। याओ ने 584 के स्कोर के साथ क्वालीफिकेशन में शीर्ष स्थान हासिल किया जबकि सिर्फ रैंकिंग अंकों के लिए प्रतिस्पर्धा कर रही भारत की पलक गुलिया ने 586 का स्कोर किया। सुरभि राव 568 के स्कोर के साथ 25वें स्थान पर रहीं।

## भारतीय महिला हॉकी टीम एशिया कप फाइनल में, आज चीन से होगा सामना



**हांगझोउ (चीन) :** भारतीय महिला हॉकी टीम ने शनिवार को यहां महिला एशिया कप के अपने आखिरी सुपर चार मैच में जापान के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेलने के बावजूद फाइनल में जगह बना ली जिसमें उसका सामना मेजबान चीन से होगा। चीन ने अपने अंतिम सुपर चार मैच में कोरिया को 1-0 से हराया जिससे भारतीय टीम रविवार को होने वाले फाइनल में पहुंच गई। फाइनल जीतने वाली टीम अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर लेगी। भारत ने शुरुआती बढ़त गंवाकर गत चैंपियन जापान से ड्रॉ खेला जिससे उसे कोरिया और चीन के बीच मैच के नतीजे का इंतजार करना पड़ा। चीन ने पहले ही फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया था। कोरिया को फाइनल में जगह बनाने के लिए दो गोल के अंतर से जीत की दरकार थी लेकिन चीन की जीत ने 2022 चरण में तीसरे स्थान पर रहने वाली भारतीय टीम का फाइनल में स्थान सुनिश्चित किया। चीन तीन जीत के बाद नौ अंक के साथ सुपर चार तालिका में शीर्ष पर रहा जबकि भारत एक जीत, एक ड्रॉ और एक हार से चार अंक से दूसरे स्थान पर रहा। कोरिया को एक ड्रॉ और दो हार से सिर्फ एक अंक मिला और वह सबसे निचले स्थान पर रहा। जापान दो अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। जापान के खिलाफ भारत ने शानदार शुरुआत की। ब्यूटी डुंग डुंग ने सातवें मिनट में मैदानी गोल करके टीम को बढ़त दिला दी। लेकिन जापान ने वापसी की और शेहो कोबायाकावा (58वें मिनट) ने हूटर बजने से दो मिनट पहले ही बराबरी का गोल दाग दिया।

## मीनाक्षी ने विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाई



**लिवरपूल :** भारतीय मुक्केबाज मीनाक्षी हुड्डा ने शनिवार को विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के 48 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में मंगोलिया की लुत्सैखानी अल्टांटसेत्सेग को हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। वह इस प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंचने वाली तीसरी भारतीय मुक्केबाज है। एशियाई चैंपियनशिप और विश्व कप में रजत पदक जीत चुकीं मीनाक्षी ने गैर ओलंपिक 48 किलोग्राम वर्ग के सेमीफाइनल में 2023 की विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता के खिलाफ 5-0 से शानदार जीत दर्ज की। इस जीत के साथ 24 साल की मीनाक्षी ने राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता जैस्मीन लंबोरिया (57 किग्रा) और हैवीवेट मुक्केबाज (80 किग्रा से अधिक) नूपुर श्योराण के साथ फाइनल में जगह बनाई। जैस्मीन और नूपुर ने अपनी-अपनी श्रेणियों में शानदार जीत दर्ज कर शुक्रवार रात को फाइनल का टिकट कटाया था। प्रतियोगिता में पदक पक्का करने वालों में पूजा रानी (80 किग्रा) भी शामिल है।

# यूपी/बिहार/झारखंड/राजस्थान

## बिहार की जनता प्रधानमंत्री मोदी की मां का अपमान करने वाले विपक्ष को सबक सिखाएगी: जेपी नड्डा



**पटना :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शनिवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दिवंगत मां का बार-बार अपमान करना कांग्रेस की 'घृणित मानसिकता' को दर्शाता है। उन्होंने दावा किया कि विपक्षी राजनीतिक पार्टियों को जनता से करारा जवाब मिलेगा। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा पटना में एक समारोह को संबोधित करते हुए की विपक्ष को 'गैर-जिम्मेदार' और 'सत्ता का भूखा' करार दिया। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर मतदाता सूची में हेराफेरी के आरोपों में 'असंगतता' का आरोप लगाया। नड्डा ने पिछले महीने 'वोटर अधिकार यात्रा' के दौरान दरभंगा में हुई घटना और विपक्षी दल द्वारा सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक एआई-जनरेटेड वीडियो का हवाला देते हुए कहा कि मोदी की दिवंगत मां को किसी ऐसे व्यक्ति द्वारा अपशब्द कहे गए। उन्होंने कहा कि अब कांग्रेस का नया वीडियो इस बात की पुष्टि करता है कि उनकी मानसिकता कितनी गंदी है। नड्डा ने कहा, विपक्ष को जनता से करारा जवाब मिलेगा। उन्होंने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर आपत्ति जताने के लिए लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की भी आलोचना की और कहा कि महाराष्ट्र के बारे में उनके आरोप कभी भी एक जैसे नहीं रहे हैं।

## समय पर समाधान न किया जाए तो कभी-कभी छोटी-छोटी बातें भी बिगड़ जाती हैं: आदित्यनाथ



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नेपाल में हाल ही में हुए हिंसक प्रदर्शनों के बाद पहली बार पड़ोसी मुल्क का जिक्र करते हुए शनिवार को कहा कि अगर छोटी-छोटी बातों को नजरअंदाज किया जाए तो वे बड़ी समस्याएं बन सकती हैं, जैसा कि नेपाल में देखने को मिला। उन्होंने कहा कि इन मुद्दों को संवेदनशीलता के साथ सक्रियता से सुलझाया जाना चाहिए। आदित्यनाथ ने यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों को भी लोगों के गुस्से का सामना करना पड़ता है इसलिए उन्हें धैर्यपूर्वक जनता की शिकायतों को सुनना चाहिए और उनका तर्कसंगत समाधान करना चाहिए। आदित्यनाथ ने राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए इस बात पर भी जोर दिया कि चिकित्सकों को मरीजों और उनके परिवारों के साथ व्यवहार करते समय संवेदनशीलता दिखानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा, हम (राजनेता होने के नाते) भी ऐसी ही परिस्थितियों का सामना करते हैं और यह हमारा कर्तव्य है कि हम समस्याओं को समझें और उचित समाधान निकालें। उन्होंने कहा कि अस्पतालों को मरीजों की कई समस्याओं का समाधान करना होता है, जैसे एम्बुलेंस की व्यवस्था और रक्त की उपलब्धता, जो देखने में भले ही छोटी लगें लेकिन अगर समय पर इनका समाधान न किया जाए तो बड़ी समस्या बन सकती हैं। आदित्यनाथ ने कहा, छोटी-छोटी बातें कभी-कभी हमारे लिए बड़ी समस्या बन जाती हैं। आपने देखा होगा कि नेपाल में क्या हुआ। लोगों ने सोशल मीडिया को नजरअंदाज किया ... नतीजा क्या हुआ? विकास और प्रगति कैसे रुक गई? लोगों की जिंदगी से कैसे खिलवाड़ किया गया? यह सुनिश्चित करने के लिए कि ऐसी घटनाएं कहीं और न हों, हर व्यक्ति को अपने-अपने क्षेत्र में सतर्क रहना चाहिए।


## राजा भैया के पूर्व पीआरओ की संपत्ति कुर्क करने का आदेश

**प्रतापगढ़ (उप्र) :** प्रतापगढ़ के जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने 'गैंगेस्टर एक्ट' के तहत राजा भैया के पूर्व जन संपर्क अधिकारी (पीआरओ) समेत दो आरोपियों की अवैध रूप से अर्जित की गई 87 लाख रुपये की संपत्ति कुर्क करने का आदेश दिया है। अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) संजय राय ने शनिवार को बताया कि जिलाधिकारी ने मानिकपुर थाने में पंजीकृत मुकदमे में गैंगस्टर एक्ट की धारा 2/3 के तहत आरोपी राजू यादव उर्फ़ राजीव यादव द्वारा आपराधिक कृत्यों और अवैध स्रोतों से अर्जित 82 लाख रुपये की चल-अचल संपत्ति को कुर्क करने का शुक्रवार को आदेश दिया। उन्होंने बताया कि पूर्व में विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया के जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) रहे राजू यादव के विरुद्ध विभिन्न थानों में गंभीर अपराध, हत्या आदि के कुल 16 मुकदमे दर्ज हैं। राय का कहना है कि इसी क्रम में जिलाधिकारी ने कोतवाली कुंडा थाने में पंजीकृत मुकदमे में गैंगस्टर एक्ट की धारा 2/3 के तहत आरोपी शेखर उर्फ़ राज प्रताप सिंह द्वारा आपराधिक कृत्यों और अवैध स्रोतों से अर्जित पांच लाख रुपये चल-अचल संपत्ति कुर्क करने का भी आदेश दिया है।

## एक बालक और उसकी मां ने 13वीं मंजिल से लगाई छलांग, दोनों की मौत

**नोएडा (उप्र) :** नोएडा के बिसरख थानाक्षेत्र में एक सोसाइटी में एक बालक और उसकी मां ने कथित रूप से 13वीं मंजिल से छलांग लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (जोन द्वितीय) शक्ति महान अवस्थी ने बताया कि ऐस सिटी सोसायटी में 13वें तल पर रहने वाले चार्टर्ड एकाउंटेंट (सीए) दर्पण चावला के 12 वर्षीय बेटे दक्ष ने शनिवार को अपने फ्लैट की बालकनी से छलांग लगा दी तथा उसके बाद दक्ष की मां साक्षी (38) ने भी छलांग लगा दी। उन्होंने बताया कि दोनों मां-बेटे की मौत हो गई है तथा इस घटना के समय दर्पण चावला अपने घर के दूसरे कमरे में थे। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को साक्षी चावला की डायरी में एक कथित सुसाइड नोट मिला जिसमें उन्होंने आत्महत्या के लिए स्वयं को जिम्मेदार बताते हुए लिखा कि उनके और उनके बेटे के आत्महत्या के पीछे किसी का कोई दोष नहीं है। अवस्थी ने बताया कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत हो रहा है कि महिला अपने बेटे के मानसिक रोगी होने की वजह से परेशान थी तथा उसने अपने बेटे के साथ खुद तेरहवीं मंजिल से छलांग लगाकर आत्महत्या की।

## झारखंड के धनबाद में कोयला संयंत्र में 100 फुट ऊंचा भंडारगृह ढहा, फंसे हुए मजदूर को बचाया गया



**धनबाद (झारखंड) :** झारखंड के धनबाद जिले में 'भारत कोकिंग कोल लिमिटेड' (बीसीसीएल) के कमांड क्षेत्र में थोक सामग्रियों के भंडारण के लिए बनाया गया 100 फुट ऊंचा भंडार गृह ढह गया। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि मलबे में फंसे एक श्रमिक को बचा लिया गया है। बाघमारा अनुमंडल पुलिस अधिकारी पुरुषोत्तम कुमार सिंह ने बताया कि बाघमारा थाना क्षेत्र के बीसीसीएल ब्लॉक-2 क्षेत्र के मधुबन वाशरी में शुक्रवार देर रात यह हादसा हुआ था। बीसीसीएल के एक अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच जारी है। घटनास्थल का दौरा करने वाले बाघमारा के विधायक शत्रुघ्न महतो ने कहा, 'इलाके में तीन भंडारगृह थे। पहले भंडारगृह से बाकी के दो में प्रवेश किया जाता है। जिस भंडारगृह में प्रवेश द्वार था, वह शुक्रवार रात अचानक ढह गया था।' विधायक ने बताया कि भंडारगृह में काम कर रहा एक मजदूर फंस गया था। उन्होंने कहा, 'शनिवार को टीम ने उन्हें सुरक्षित बचा लिया।' विधायक ने कहा कि भंडारगृह का निर्माण छह या सात साल पहले किया गया था और इसका काम आगे बढ़ाने वाली एक कंपनी इसका संचालन करती है।

## पाकिस्तान से मैच का बहिष्कार करें - पहलगाम हमले में मारे गए शुभम द्विवेदी की पत्नी की अपील



**कानपुर :** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में अप्रैल में हुए आतंकी हमले में मारे गए कानपुर के व्यवसायी शुभम द्विवेदी की पत्नी ऐशन्या ने रविवार को भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले क्रिकेट मैच का सार्वजनिक बहिष्कार करने की अपील की। अप्रैल में हुए इस हमले में शुभम समेत 26 लोगों की मौत हुई थी। ऐशन्या ने कहा कि शादी के कुछ ही दिन बाद वह अपने पति के साथ पहलगाम गई थीं, जहां आतंकियों ने उन्हें निशाना बनाया। उन्होंने बीसीसीआई द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ मैच आयोजित करने को बेहद असंवेदनशील करार देते हुए पीड़ित परिवारों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया। ऐशन्या ने जनता से कहा, इस मैच को न देखें और इसका बहिष्कार करें। उन्होंने भारतीय क्रिकेटरों की चुप्पी की आलोचना करते हुए उनसे पाकिस्तान के खिलाफ खेलने से इनकार करने का आग्रह किया। उन्होंने दावा किया कि इस मैच से होने वाली आय का हिस्सा पाकिस्तान को जाएगा और वह आतंकवाद के लिए इस्तेमाल होगा। ऐशन्या ने प्रायोजकों और प्रसारकों से भी अपनी भागीदारी पर पुनर्विचार करने की अपील की। उनकी यह टिप्पणी भारत-पाकिस्तान क्रिकेट संबंधों को लेकर चल रही बहस के बीच आई है।

## बलिया में पुलिस ने विवादित बयान देने के लिए मौलाना को गिरफ्तार किया

**बलिया :** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में पुलिस ने विवादित बयान देने के लिए शनिवार को प्राथमिकी दर्ज कर एक सरकारी मदरसे में तैनात मौलाना को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, मौलाना शहाबुद्दीन के विवादित बयान का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद शनिवार को मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। रसड़ा के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) आलोक गुप्ता ने बताया कि सोशल मीडिया पर शुक्रवार को एक वीडियो सामने आया था, जिसकी जांच की गयी। उन्होंने बताया कि जांच में यह तथ्य प्रकाश में आया कि पांच सितंबर को पडसरा जूडन मजार पर इसी गांव में जामा मस्जिद के मौलाना और सरकारी मदरसा स्कूल (सरियांव) के शिक्षक शहाबुद्दीन द्वारा विभिन्न समूहों के बीच शत्रुता, वैमनस्य की भावना एवं हिंसा फैलाने वाला भाषण दिया गया।

## पद्म विभूषण छन्नू लाल मिश्र मिर्जापुर के राम कृष्ण मिशन अस्पताल में भर्ती



**मिर्जापुर :** भारतीय शास्त्रीय संगीत के मर्मज्ञ पद्म विभूषण छन्नू लाल मिश्र को उपचार के लिए यहां राम कृष्ण मिशन अस्पताल में भर्ती कराया गया। परिजनों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उपशास्त्रीय संगीत गायन में मशहूर पद्म विभूषण से सम्मानित छन्नू लाल मिश्र (89) को हीमोग्लोबिन की कमी और 'बेड सोल' की समस्या के कारण उपचार की जरूरत पड़ी। मां विंध्यवासिनी मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार के नेतृत्व में विशेषज्ञ चिकित्सकों की एक टीम छन्नू लाल मिश्रा स्वास्थ्य की देखभाल कर रही है। छन्नू लाल मिश्र की पुत्री नम्रता मिश्रा ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि उनके पिता 'बेड सोल' (बिस्तर पर लेटे रहने से पीठ में होने वाला घाव) से पीड़ित है। नम्रता ने बताया कि गत दिनों अचानक उनका स्वास्थ्य बिगड़ गया और जब उन्होंने मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार को बताया तो विशेषज्ञ चिकित्सकों की एक टीम बनाकर उनका इलाज शुरू किया गया। मिश्र के रक्त और पेशाब की जांच की गई तो हीमोग्लोबिन की मात्रा कम पाई गई, जिसके बाद उन्हें रामकृष्ण मिशन अस्पताल में भर्ती कर दिया गया। नम्रता ने बताया कि पिताजी का 'हीमोग्लोबिन सा पॉइंट तक पहुंच गया था, जिससे उनके शरीर में सूजन आ गई थी।

## उत्तर प्रदेश: दूसरी कक्षा की छात्रा की सरयू नदी में डूबने से मौत

**बलिया :** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में शनिवार सुबह दूसरी कक्षा में पढ़ने वाली एक छात्रा की सरयू नदी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी है। पुलिस के अनुसार, दूसरी कक्षा की छात्रा सृष्टि यादव (सात) शनिवार सुबह अन्य बच्चों के साथ सरयू नदी में नहाने गयी थी लेकिन वह अचानक गहरे पानी में चली गयी और डूब गयी। घटना सहतवार थानाक्षेत्र के चांदपुर गांव की है। घटना की सूचना पाकर बांसडीह के उपजिलाधिकारी (एसडीएम) अभिषेक प्रियदर्शी और तहसीलदार नितिन सिंह के साथ-साथ पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## राजस्थान के दौसा में तालाब में दो बच्चे डूबे

**जयपुर :** राजस्थान के दौसा जिले में शनिवार को दो बच्चे तालाब में डूब गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना निर्झरणा गांव में उस समय हुई, जब तीन बच्चे अपने घर के पास तालाब में नहाने गए थे और गलती से वे गहरे पानी में चले गए और डूबने लगने। पुलिस के मुताबिक, चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और उनमें से एक को बचाने में कामयाब रहे हालांकि दो बच्चों को नहीं बचाया जा सका। झांपदा थाना प्रभारी सुनील टांक ने बताया कि सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची।

## अनियंत्रित शहरीकरण, वनों की कटाई ने प्राकृतिक आपदाएं बढ़ा दी हैं: सीताराम

**प्रयागराज (उप्र) :** अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रोफेसर टी जी सीताराम ने देश-विदेश में आ रही प्राकृतिक आपदाओं पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए शनिवार को कहा कि अनियंत्रित शहरीकरण, वनों की कटाई और जलवायु उपेक्षा ने बाढ़, भूस्खलन, बादल फटने एवं सूखा जैसी घटनाओं को और बढ़ा दिया है। भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, इलाहाबाद के 20वें दीक्षांत समारोह को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित करते हुए सीताराम ने कहा, 'अभियंता, नवप्रवर्तक और जिम्मेदार नागरिक के रूप में हमें संकल्प लेना होगा कि हम हरित ऊर्जा को अपनाएंगे, आपदा-रोधी बुनियादी ढांचा विकसित करेंगे, सतत प्रौद्योगिकियां लाएंगे और सबसे बढ़कर विकास एवं पारिस्थितिकी के बीच संतुलन स्थापित करेंगे।'

वर्ष 10, पूर्णांक 3357 अंक 167, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in